श्री तिलोक जैन ज्ञानमाला नं.२

श्री सत्यबोध

रचयिता:

स्याद्वाद वारिधि आशु कविवर्य पूज्यपाद

श्री तिलोक ऋषिजी महाराज

प्रकाशक:

श्री जैनधर्म प्रसारक संस्था,

सदर बाजार, नागपूर.



द्वितीयावृत्ति प्रत [illegible]

मूल्य २। रुपये

श्री वीराब्द २[illegible]

विक्रमाब्द १९[illegible]

ईसवी सन १९[illegible]

प्रकाशक

श्री जैन धर्म प्रसारक संस्था,
सदर बाजार, नागपूर

मुद्रक,

रा त्रिं देशमुख, बी एजी
सरस्वती प्रेस, नागपूर

सुवर्ण नामावली.

स्तंभ-मुनि श्री आनंद ऋषिजी महाराज.

संरक्षक- श्री नेमीचंदजी सरदारमलजी पुगलिया,
इतवारी नागपूर.

आजीवन सदस्य. (Life Members)

१ श्री हीरचंदजी नानुलालजी पारख, सदर नागपूर.

२ ,, मानकचंदजी सेरमलजी सुराना, सदर नागपूर.

३ ,, केसरीमलजी रीखबचंदजी, धामक

आश्रयदाते.

१ श्री नंदरामजी चांदमलजी बोहरा, पीपला.

२ ,, लालचंदजी रतनचंदजी भटेवडा, राहू.

३ ,, फतेराजजी धनराजजी सिंगी, सिंधी.

४ ,, हीरालालजी ताराचंदजी पुगलिया, बाबुलगांव

५ ,, सकल जैन संघ बनोसा (दर्यापूर)

६ ,, जैन संघ चादूर बाजार, जि. उमरावती.

७ ,, हीरचंदजी नानुलालजी पारख, सदर नागपूर.

प्रथमावृत्तिकी विना.



(१) इण जगतमांहे प्राणीमात्रने धर्ममार्गमांहे अवश्य प्रवर्त्तन हुवो चाहिजें. कारण इण दुःखमय संसारसमुद्रमांहे नरकादिक चारु गतिमांहे जीव, ज्ञानावरणीयादिक अष्टकर्मना योगें मोहादिक शत्रुका वश हुयने संसारिक धन कुटुंबादिकना अल्पपौद्गलिक सुखामांहे राच्यां थकां जन्म, जरा, मरणादिक अनेक प्रकारका दुःख सहन करीं परिभ्रमण करतां अनंता पुद्गल परावर्तन काल व्यतीत हुइ गयो ! परंतु सर्वोत्कृष्ट अनंत सुखमय एहवो अनादि श्रीवीतराग प्रणीत दयामय जैनधर्म केवारें पण जीव पामी शक्यो नहीं. ते श्रीजैनधर्म केहवो छे ? के जेम आंधला पुरुषने मार्गें चालतां ज्येष्टिका (लाकडी) आधारभूत होय छे, तेम जीवने मोक्षका अनुपम सुखांकी प्राप्ति होवण वास्ते श्रीजैनधर्म निश्चयें आधारभूत छे. अनादि मिथ्यात्वना योगें काम, क्रोध, लोभ, मोह, मत्सरादिकना धारण करणारा जीवांने ज्ञानावरणीयादिक कर्मायकी मुक्त करीने पोताना स्वस्वभावमांहे रमण करणार ते एक उक्त धर्मनुं सेवन छे. ए धर्मने यथार्थ शुद्ध श्रद्धा पूर्वक आराधवाथीं जीव, चतुर्गति रूप संसारको अंत करीनें जिहां जन्म नहीं, जरा नहीं, मरण नहीं, रोग नहीं, दुःख नहीं, एहवा अकलंक, अक्रिय, अकर्मी, अक्षय, अवेदी, अणाहारी, अबंधक, अभोगी आदिक अनंत सुखमय सिद्धरूप स्थानक प्रत्यें पामे छे.

(२) हवे ते सिद्ध स्थानक पामवाने योग्य तो मात्र मनुष्य गतिमांज रहेला जीव छे; कारण के नरक तिर्यंचादिक गतिमांहेला जीवांने सिद्धपणुं पामवानो अभाव छे. ते मनुष्यपणुं पण जीव, अनंतीवार पाम्यो, पण अनार्य देशमांहे उत्पन्न होवणासुं अथवा आर्यकुलमांहे उत्पन्न हुवो तो आभिग्रहिकादिक मिथ्यात्वना प्रसंगथी शुद्ध स्याद्वादरूप श्रीजैनधर्म पामी शक्यो नहीं, तेथी ते सर्व भव व्यर्थ गया. हवे इण समय शुभ कर्मोदयें करी मोटी पुण्याइसुं मनुष्य गति, आर्यदेश, उत्तम कुल, संपत्ति, नीरोगी शरीर, दीर्घायु सुगुरुनो संयोग, इत्यादि शुभ सामग्री मिली छे, तेम छतां जो विषय कषायादिकमांहे तल्लीन हुइने समकित दर्शनरूप धर्मनी प्राप्ति करणमांहे प्रमाद करोला, तो प्राप्त हुवेला इष्ट संजोगको विनाश हुयने फेर घणा कालतांई संसारचक्रमांहे परिभ्रमण करणो पडसे. एहवो अवसर तथा सर्व प्रकारनो संयोग वारंवार मिलणो घणो मुष्कील छे ज्ञानसंपादन करने आत्माको कल्याण करण वास्ते, पूर्वकृत दुष्कर्मनो बदलो देवण वास्ते, तथा सर्व साधर्मीभायामांहे ज्ञानको प्रसार जो (पंडित पुरुषांपासें सूत्रको व्याख्यान श्रवण करणासुं तथा ग्रंथ प्रसिद्ध करणासुं हुवे छे) ये होवण वास्ते धर्मकीज पूर्ण आवश्यकता छे; धर्म सरीखी प्रिय अने श्रेष्ठ वस्तु इण जगत्मांहे दुसरीं कोई पण नहीं छे. सांसारिक संतति अने संपत्ति केवल अनित्य छे. जिहां सुधी शुभ कर्मांको उदय रेवे छे, तिहां सुधी सर्व इष्टवस्तुको संयोग आयें मिले छे; जद अशुभ कर्मांको उदय होवे, ते वखतें सर्व इष्ट

वस्तुको वियोग हुयने अनिष्ट संयोगका प्राप्ति हुवे छे संसारमांहे विवाह आदि आरंभिक कार्य प्रयोजनमांहे हजारा रुपिया मोठा उच्छरंगसु खर्च कर देवाछा, सु वो तो फक्त सांसारिक इणहाज भवका यश कीर्तिको कारण छे, अने धर्मनिमित्तें जो द्रव्य खर्च होवे तो इण भवना तथा परभवना सुखको तथा मोक्षना सुखनो पिण कारण छे इण वास्ते समस्त जैन बंधुका अंत करणमांहे धर्मका जागृत प्रेरणा निरंतर रेवण वास्ते तथा धर्मको उद्योत करण वास्ते प्रयत्न करने धर्मनिमित्त यथाशक्ति द्रव्य अवश्य खर्च होवणो चाहाजे इतरीज हमारी सर्व जैन बंधुने विनंति छे

(३) ओ पुस्तक छपायने प्रसिद्ध करता वांचणारा सज्जनलोकांप्रतें इण पुस्तकमांहे दाखल करेला ग्रंथाकी हमें किंचित् सूचना करा छा

(४) इण पुस्तकका आदिमें श्रावकाने नित्य उभयकाल करवा योग्य छे आवश्यककी करणीरूप प्रतिक्रमणसूत्र छे, तिको अर्थ सहित दाखल कीनो छे कारण श्रावकने कोई पण शास्त्र वांचणा भणीजणा, तिके सर्व अर्थ सहित भणाजणा चाहिजें कारण यथार्थ अर्थ धारणामें होवे तोहिज यो ग्रंथ अनुभव सहित भणीया कहेवाय, नहीं जरा सुवाका पाठ प्रमाणें समजवो उणमांहे पण पडिक्कमणादिक छे आवश्यक तो नित्य सांझ सवार क्रिया करती वेला काम आवे छे इण वास्ते उणका अर्थ तो अवश्य धारणाइज चाहिजें, जिणसू, मात्र मूलपाठ जाणनारा लोकांने जे काइ क्रिया करणको अनुभव होवे, वा लोकांसु अर्थ सहित जाणनारा मांहे कितराक दरजे अनुभवकी वृध्दि होवे छे, अने उणका फल पण उतराज दरजे जादा होवे छे इण प्रमाणें सिध्दांतमांहि भगवंत फुरमायो छे

(५) और, क्रिया करणार पुरुषका आत्माका अध्यवसाय आश्रया पिण फलका अधिक न्यूनता कही छे तथापि अर्थ धारणार अने अर्थ न धारणार या दोनु जिणाका आत्माका अध्यवसाय (प्रणामकी धारा) सराखा होय, तो पण अवश्य अर्थ न धारणारासु अर्थ धारणाराने अत्यंत अधिक फल प्राप्त होवे छे इण वास्ते अर्थकी धारणा करणी आवश्यक छे, इण हेतुसू आवश्यक सूत्र तथा अन्यग्रंथ उपरसु सामयिकादि सूत्रकी पाटीयां सार्थे पाठका अर्थ पण दाखल कराया छे ए सब हमारा साधर्मी भाई अर्थसहित भणजिणको उद्यम करेल इणतरे हमे पूर्ण आशा राखा छा

(६) श्रीजैनधर्ममांहे महान् विद्वान् परम पंडित पूज्यश्री श्री १००८ श्रीकानजी रिखजी महाराज नी संप्रदायना स्वामीजी श्री १००८ श्री अयवंता रिखजी महाराज तस शिष्य स्वामीजी श्री १००८ श्री तिलोकरिखजी महाराज महाप्रभाविक हुवा माहाराजसाहेबको जन्म संवत् १९०४ की चैत्र वदि ३ के दिन हुवो संवत् १९१४ का माहावदि १ गुरुवारके दिन माहाराजसाहेब स्वामीजी श्री अयवंतारिखजी माहाराज पासें वैराग्य भाव पामाने मोठा उत्साहसू दीक्षा ग्रहण कीनी संवत १९३६ को चोमासो दक्षिण देश घोडनदीमांहे कराने अहमदनगर, आंबोरा, हिवरो, पूना, सतारा औरंगाबाद, धुलिया वगैरे अनेक ठिकाणे विचरता भव्यजीवाने सम्यक्त्व प्रतिलाभा संसारसु तारिया छे संवद् १९४० को चोमासो करणवास्ते आषाढशुद्ध ९ के दिन अहमदनग

शहेरमांहे पधारिया, उणाहिज दिन तप चढने सावणवदि २ रविवारके दिन माहाराजसाहेब देवलोक हुवा. ऐसा उत्तम पुरुषांको वियोग घणा भायाने दुःसह हुयने श्री जैनधर्मका महा पंडित पुरुष रत्नमांहेला एक अमुल्यरत्नकी खामी पड गई.

(७) **स्वामीजी श्रीतिलोकरिखजी माहाराज** अल्प आयुष्य मांहे, जेम पृथ्वी मंडलमांहे सूर्य प्रकाश करी अंधःकारनो नाश करे छे, एम मिथ्यात्वरूप अंधःकारनो नाश करीने भव्य जीवरूप कमलने विकश्वर करण वास्ते, सिद्धांतानुसारें मोठा मोठा ग्रंथांका रचना करी घणा भव्यजीवाने प्रतिबोधी परोपकार करणमांहे मोटो श्रेय लीनो छे. माहाराज-साहेबको स्वभाव चंद्रनी पेरें शीतल, समुद्रनी पेरे गंभीर, मिष्टवचनी, बालब्रह्मचारी करुणाका सागर, इत्यादिक गुणे करी सहित हुयने वां पुरुषांमाहे कवित्वशक्ति, वाक्चातुर्य, समय-सूचकता श्रीजैनसिद्धांत तथा षट्शास्त्रना पारंगामी वगैरे अनेक गुण प्रशंसनीय हुता. माहाराज साहिबका गुणाकी स्तुतिकरां जितरी थोडीज छे.

(८) माहाराजसाहेब निरंतर साधु संबधी पाडिलेहण, प्रमार्जन त्रिकाल काउस्सग्ग ध्यान, तथा धर्मसंबधि व्याख्यानादिक कार्य करीने परिवरिया पछे शेष रहेला वखतमांहे किंचित् मात्र पण प्रमाद सेवन करता नही था, पण जैन सिद्धांतमांहेसुं आनंद श्रावकादिक महापुरुषांका चरित्रानुसारें चौढालिया, छे ढालिया वगैरेकी रचना करता हुता, तथा वैरा-ग्य भावने दर्शावणारां अनेक लावणीया, पद, सवैया तथा श्रीजिनेश्वरस्तुतिरूप घणा स्तवन, सझाय, छंद, श्रीचंद्रकेवली, श्रेणिकादिकना चरित्र, रास प्रमुख अनेक छोटा मोटा ग्रंथाकी रचना कीनी छे, अने वे इतरा तो रमणीय छे, के जे ग्रंथ बांचणासुं जेहवो भावार्थ वां ग्रंथामें दरसायो छे, तेवाज भावार्थ की हुबेहुब असर बाचणवालाका मनमांहे ठसिया विना रेवेज नहीं, ऐसी खुबी माहाराजसाहेबकी कविता मांहे वापरी छे. थोडाकालमांहे माहाराज साहेब इणतरे प्राकृत भाषामें कवितारूपें साठ शीत्तरहजार ग्रंथकी जोड करी जिनधर्मने दीपायो छे.

(९) उपर लिख्या मुजब माहाराज साहेबका रचेला ग्रंथ प्रत्येक जैनधर्मी श्रावकने बांचवा भणवा योग्य जाणीने उणमांहिला केइ केइ ग्रंथ इण पुस्तकमांहे दाखल करिया छे, जिणने सर्व साधर्मि भाई वाचने भणीजने जरूर धारणा करेला, इणतरेकी हमारी अभिलाषा पूर्ण करणमांहे हमारा साधर्मी भाई पछात पडसी नही. जो जो ग्रंथ इण पुस्तकमांहे दाखल करिया छे, तिके सर्व हमारा साधर्मी भायाने घणाज उपयोगी छे. और दुसरा श्रावक लोकां पासें माहाराज साहेबकी जोडको ग्रंथ घणो शिल्लकमांहे पडियो छे, पण हाल वे प्रसिद्ध हुवा नही सु मोटी दिलगीरी मालमं पडे छे, कारण प्रस्तुतसमयमां विद्वान पुरूष थोडा लाधे छे, जिणवास्ते पंडित पुरूषांका रचेला ग्रंथ जो प्रसिद्ध नही होसी तो ज्ञानकी वृद्धि किण तरे होसी ? इण वास्ते ज्यां श्रावक लोकांपासे माहाराजसाहेबका रचेला ग्रंथ होसी वे प्रसिद्ध करणमांहे प्रमाद करेला नही, ऐसो हमांने भरोसो छे.

(१०) ओ पुस्तक श्रीजैन धर्मको उद्योत हुयने ज्ञानको प्रसार होवण वास्ते, तथा भव्यजनांकी समकित दृढतर होवण वास्ते, तथा श्री तिलोकरिखजी माहाराजका गुण

प्रगटकरण वास्ते श्रीदेव गुरु धर्म प्रसादे छपायने हमारा प्रिय सकल जैन बधु आगल सादर करियो छे

(११) इण प्रतिक्रमण सत्यबोधका पुस्तकनी महाराजसाहेबका अतिशयका कारणसू नाचे लिख्या मुजब ज्यां सजनलोका उदारमने करी श्रीजैनधर्मको उद्योत हुवणवास्ते आगाउ मदत दानी छे, ताके बोहोत प्रशसनीय छे जेम हस पक्षीकी चचूमाहे एहवाज कोई जातना पुद्गल रह्या छे, के तेहथी तेहनी चचू सदाकाल दुग्धनेज ग्रहण करणका स्वभाववाली होय छे, तेम सदगुणाजनाका अन करणना परिणामने विषे एहवाज कोई उत्तमजातिना पुद्गल रहेला छे, के ते थकी तेहना बुद्धि सदाकाल सत्कार्य करवाना विषेज प्रवर्तमानथकी रहे छे इण प्रमाणेज सर्व जैन बधु आगासू धर्मको उद्योत करणवास्ते हरएक प्रकारकी मदत करणका उमेद जादा राखेला, इसा हमे पूर्ण आशा राखांछा

नाव	रूपिया
मुता नवलमलजी किसनदास, अहमदनगर	२२५
साह बिरदीचदजी चुनालाल, राहाता	२२१
मुता मोकमदासजी हानारामल, सातारा	२२१
गुगलिया हुकमचंदजी नेमीदास, अहमदनगर	११५
ओसवाल पेमराजजी पन्नालाल, अहमदनगर	१०१
गुंदेचा माइदासजी छोगमल, अहमदनगर	६१
गुंदेचा मोताचदजी रतनचंद, अहमदनगर	६१
मुणोत पनराजजी शिवदास, अहमदनगर	६१
मुता हजारामलजी आगरचद, अहमदनगर	६१
सींगी बनेचदजी दौलतराम अहमदनगर	६१
गाधी गुलाबचदजी रतनचद, आंबोरी	५१
कोटेचा तिलोकचदजी आसकरण, धुलिया	५१
मुता खुबचदजी रुणकरण, हिवडा खानरा	५१
गाधी हिंमतमलजी हामीरमल, माहादपटेलका चिचोंडा	५१
गाधी बछराजजी राजमल, महादपटेलकी चिचोंडी	४१
भंडारी माणकचदजी मोतीचद, अहमदनगर	४१
गाधी तेजमलजी राजमल, अहमदनगर	३१
नाहार नदरामजी बालाराम, धुलिया	२५
गाधी किस्तूरचदजी भिकलदास, माहादपटेलकी चिचोंडा	२५
मुता नेमादासजी प्रेमल, गुलेजगड ...	२५
मुणोत हुकुमचद जवानमल, हिवडा खानरा	२५
गुंदेचा जितमलजी किसनदास, नांदूरबारागाव	२५

ापना.

(१२) इण ग्रंथमांहे कितराक शब्द हामे शास्त्रका बराबर जाण न होवणासुं वे सुधारणवास्ते असमर्थ हुया छां. पण सुज्ञविद्वान लोकां इण पुस्तकमांहेला सामायिक, प्रतिक्रमण, तथा पच्चक्खाण वगैरेका पाठ अने अर्थमांहे तथा और कोइ ठेकाणे चुकां होइ होसी तो वे सर्व हमाने अज्ञ जाणी हमारा उपर दोष न राखनां आप बाचने सुधारने हमाने लिखेला, एहवो सुज्ञ लोकामांहे एक प्रकारको स्वाभाविक गुणज होय छे; वास्ते इण बदल जादा लिखणको कांइज कारण नही छे, पिण भुल बदल मिच्छामि दुक्कडं देने हमाने आलोयणा कीधी चाहिजे. इण ग्रंथमांहेला मूल पाठको अगर अर्थको तथा स्तवन सज्झायादिक बाकी विषयको कोइ एक शब्द अगर अक्षर न्यून, अधिक अशुद्ध रीतें, आघो पाछो जाणतां, अजाणतां वगैरे कोई प्रकारें भूलथी लिखिज गयो होसी तथा ग्रंथ छपावणमांहे कोइ प्रकारको दोष लाग्यो होसी तथा ग्रंथको अविनय अशातना जाणतां अजाणतां हमारी तरफसुं होइ होसी, तो ते सर्व मन वचन कायायें करी श्रीअरिहंत सिद्ध केवली भगवंतनी साखें सर्व दोषप्रत्यें हमानें मिच्छामि दुक्कडं होजो. अपराधकी क्षमा होजो.

(१३) ओ पुस्तक छपावणका काममांहे तथा शुद्ध करणका काममांहे हमारा प्रिय जैन बंधु भाई भीमसिंहमाणेक घणी तसदी लीनी छे, जिण बदल उणारो आभार माना छां. श्रीजिनधर्मका उद्योत करणको उद्यम करने हमारा बंधु निरंतर श्रेय लेसी, इसी हामे चाहना राखा छां. किं बहु बिलेखनेन शुभं भवतु.

विज्ञप्ति.

[१] इण पुस्तकका ५७ पानमे पडिक्कमणाकी विधीमांहे संलेहणा आठारें पाप स्थानक कहीने इच्छामि ठामि कहिजे इणतरे लिख्यो सु केइ श्रावक इण मुजब केवे छे ने केई संलेहणा आठारें पाप स्थानक कहीने दश प्रकारको मिथ्यात्व तथा केइ श्रावक २५ प्रकारको मिथ्यात्व तथा चौदे स्थानाकीया जीवांरी आलोयणा करीने पछी इच्छामिठामिनी पाटी कहे छे सु आप आपकी गुरु आमना तथा परंपरा प्रमाणे कहीजें.

[२] तथा सामायिक पारवानी विधिमांहे काउस्सगमांहे इरियावहीकी पाटी चिंतववी लिख्यो छे परंतु केइक श्रावक लोगस्सकी पाटी चितवे छे वास्ते आप आपकी गुरु आमना प्रमाणे करवो इण पुस्तकका दुजा पानमें तिक्खुत्ताकी पाटी मांहे " पयाहिणं वरेमि वंदामि " लिख्यो छे सु केइ भाया इणतरे केवे छे तथा केइ भाया " पयाहिणं वंदामि " केवे छे, सु आप आपकी गुरु आमना तथा परंपरा प्रमाणे केवणो.

श्रीः

॥ द्वितियावृत्ति तथा जीवनचरित्रकी प्रस्तावना ॥

धर्म-कर्म-गुण-राशि-दर्शकम्
मान-मोह-मद-मार-मर्दकम्
अज्ञ-जीव-तिमिरापहारकम्,
"सत्यबोध" कथन यथार्थकम् ॥ १॥

प्रियवाचकवृंद ! प्रात स्मरणाय, पूज्यपाद महात्मा श्री तिलोक ऋषिजी महाराज विरचित प्रतिक्रमण सत्यबोधकी उपयोगिता, लोकप्रियता, समाजके किसी भी तत्त्वज्ञ पुरुषसे छिपी नहीं है, आज उसके द्वितीय संस्करणके अवलोकनका लाभ जो समाजको मिल रहा है इसका श्रेय प्रथम तो अहमदनगर निवासी श्रीसंघ तथा तत्प्रांतवर्ती श्रीसंघको है । कारण जिस समय पूज्यपादका शरीरावसान अहमदनगरमें हुवा उस समय वहांके विज्ञ श्रावकवर्गने अर्थात् जिनका सुवर्ण नामावली प्रथमावृत्तिके प्रस्तावनामें दी है उन लोगोंने महाराजश्रीके विरचित उपलब्ध स्फुट कविताओंका संग्रह करके पुस्तकाकारमें मुद्रित कराया जिसके अवलोकनका सौभाग्य आजभी समाजको प्राप्त हो रहा है । परंच यह पुस्तक इतना पर्याप्त संख्यामें प्रकाशित नहीं हुई थी कि समस्त अभिलाषी जनोंकी इच्छापूर्ति हो सके इस लिए स्थान स्थान पर पुन उसकी संस्करणसूचक शब्द स्वर्गीय गुरुवर्य श्री रत्नऋषिजी महाराज तथा पंडितरत्न मुनि श्री आनंदऋषिजी महाराजके श्रवणरंध्रपर पडते थे

गुरुवर्य श्री रत्नऋषिजी महाराजका वियोग विक्रमाब्द १९८४ मिति ज्येष्ठ कृष्णा ७ सप्तमी सोमवारके दिन हिंगणघाटके नजदीक अल्लीपुर में हुवा उस वर्षमें मुनि श्री आनंदऋषिजी महाराज ठाणे २ का चातुर्मास हिंगणघाट में हुवा चातुर्मास समाप्त होनेपर वहासे विहार करके मांटोरा, वरोरा, चादा, वणा, पांढरकवडा, जेला, सिंधी वगैरह क्षेत्रोंको स्पर्शते हुए नागपुर सदरबाजारमें पधारना हुवा विक्रमाब्द १९८५ के ज्येष्ठ कृष्णा सप्तमीके रोज गुरुवर्य श्रीरत्नऋषिजी महाराजका जीवनचरित्र मुनि श्री आनंद ऋषिजी महाराजने श्रावकोंको सुनाया, और उसके साथ यह भी सुनाया कि महाराज श्री के हृदयमें साधुधर्म पालते हुए समाजसेवा, विद्याप्रेम, एकता वगैरह सद्गुण विद्यमान थे, अत उनके स्मारक स्वरूप कोई ज्ञानप्रचारक संस्था यहा स्थापित होवे तो ठीक है, ऐसा उपदेश होनेपर वहांकी जनताने उत्सुक होनेपर " श्री जैनधर्म प्रसारक संस्था " स्थापित की जिसके द्वारा छोटे २ ट्रेक्ट प्रकाशित होकर अपना नाम वह सार्थक कर रही है

विक्रमाब्द १९८५ में मुनि श्री आनंद ऋषिजी महाराज का चातुर्मास सदर बाजार नागपूर में हुवा उस समय पारशिवनी निवासी श्री तिलोकचंदजी सेठिया और श्रावक संघ महाराज श्री के दर्शनार्थ आया था उन्होंने वार्तालाप करते हुए यह प्रस्ताव उपस्थित किया कि श्री तिलोक ऋषिजी महाराज विरचित प्रतिक्रमण सत्यबोध नामक

जो पुस्तक है, उसीके पठनसे हमारे क्षेत्रमें धर्मजागृति हुई है, अब वह पुस्तक अलभ्य है. यदि उसका दूसरा संस्करण होना हो तो ५०० पांचसो रूपिया उसके लिए देता हूं. तदनंतर यादगिरिनिवासी सुज्ञ श्रावक **श्रीमान् नवलमलजी सुरजमलजी धोका** तथा घासा (अहमदनगर) निवासी **श्रीमान् रतन चंदजी जसराजजी छाजेड** और कई एक उपस्थित धर्म प्रेमी लोगोंने प्रतिज्ञाही नहीं बल्कि रूपियोंकी हुंडी कर दी. जिनकी सुवर्ण नामावली इस आवृत्तिके आश्रयदाताओंकी श्रेणिमें दी गई है। और उन्हीं लोगोंके उत्साहसे अहमदनगरवाले **श्रीमान् नवलमलजी किसनदासजी मुथाकी** अनुमति मंगाकर पुनरावृत्ति का कार्य प्रारंभ हुवा. अत: इस श्रेयका भागी आश्रयदाता वर्ग तथा **श्री जैन धर्म प्रसारक संस्था** सदर बाजार नागपूर का कार्यकर्ता मंडल है.

इस पुस्तकके पुनरावृत्ति के साथही आज ४९ वर्ष के बाद पूज्यपाद **श्री तिलोकऋषिजी महाराज का** जीवन चरित्र भी आप लोगों के सन्मुख रखने का सौभाग्य प्राप्त हुवा है, कारण कि जिस समय पूज्यपाद स्वर्गारूढ हुए उस समय **गुरुवर्य श्री रत्नऋषिजी महाराज श्री** की छोटी अवस्था थी. जीवनचरित्र संकलन करनेकी शक्ति तथा सामग्री उनके पास नहीं थी. जब आप विद्याभ्यास करने के लिए मालवामें पधारे, उस समय से पूज्यपादके जीवन चरित्र का शोध करने लगे. विद्याभ्यास करके तथा मालवा, मेवाड, वागड, गुजरात आदि देशोंमें विचरकर तेरह वर्ष के बाद दक्षिण देशमें पधारे और अपने रचना किए हुए **तिलोक चंद्रिका** नामक पुस्तकमें पूज्यपाद के चरित्र विषयक कुछ सारांश बातें लिख दी परंच वह लेख पर्याप्त नहीं हुवा, जनताकी प्रेरणा बराबर होती रही.

अवसर पाकर गुरुवर्य **श्री रत्न ऋषिजी महाराज** अपने शिष्य मुनि **श्री आनंदऋषिजी** महाराजसे भी फरमाया करते थे कि " हे आनंद ! पूज्यपाद महाराज श्री का जीवन चरित्र पूर्ण नहीं हुवा. गुरुवर्य के उद्‌गारको श्रवण करके मुनि **श्री आनंद ऋषिजी** महाराज पूज्यपाद के जीवन चरित्र का संकलन करने लगे. अधिकांश बातों का संग्रह तो गुरुवर्यसेही हुवा था. फिर मालव देशसे कविवर्य, महामना, पंडित रत्न मुनि **श्री अमीऋषिजी** महाराज का दक्षिण देशमें पदार्पण हुवा. उनके पाससे पूज्यपाद चरित्र नायक के हाथ का लिखा हुवा सूक्ष्माक्षरवाला एक पत्र प्राप्त हुवा, जिसमें जन्म कुंडली, तथा जीवन पर्यंतकी दिन चर्या विशद रूपसे लिखी थी. महासतीजी **श्री नंदूजी** महाराज आठ वर्ष तक मालव देशमें विचरे थे. उनके द्वारा तथा दक्षिण देशमें विराजती हुइ पुज्यपाद की अग्रशिष्या सती शिरोमणि **श्रीरामकुवरजी** महाराज और पूज्यपाद के दर्शन किए हुए वृद्धों के द्वारा तलाश करके अवशिष्ट चरित का अतिसंक्षिप्त संग्रह किया था.

विक्रमाब्द १९८८ के चातुर्मासमें बोदवड (खानदेश) निवासी श्रावकोंका अत्यंत आग्रह हुवा कि **पूज्यपाद श्री तिलोकऋषिजी महाराजका** जीवनचरित्र प्रकाशित

किया जाय तब जीवन चरित्रके रचनाका भार व्याकरणाचार्य, साहित्य शास्त्री, विद्यानिधि, विद्वद्रत्न, प राजधारी त्रिपाठीजी मु खैराटा, पोष्ट सपिगौर, (गोरखपुर) ने सहर्ष स्वीकार किया

जीवनचरित्र तैयार हो जानेके बाद मुनि श्री **आनदऋपिजी महाराज** और त्रिपाठी शास्त्रीजीका यह विचार हुवा कि अपना विहार दक्षिण देशके तरफ हो रहा है, वहाके शास्त्रज्ञ, सुश्रावक **श्री किसनदासजी मुथा** वगैरहकी सम्मति लेनेके बाद यह जीवनचरित्र प्रगट किया जाय अहमदनगर पहुचनेपर जीवनचरित्र प्रकाशित करनेके विषयमें चर्चा छिडी साधु रूपमहिनैपा मुथाजीने कहा कि आजकल जितने जीवनचरित्र छपते हैं, वे प्राय (अतिशयोक्तिसे परिपूर्ण रहते हैं) " एक हाथकी ककडी नौ हाथका बीज " इस कहावतके अनुसार है जिनका आद्योपात अवलोकन तथा चरित्रसे मननीय अनुकरणीय विषयोंका साराश समझना भी कठिन हो जाता है फिर **श्री पुनमचदजी** भडाराजी ने कहा कि ठीक है आप लोग पहले इसका अवलोकन करें, पीछे न्यूनाधिक, आस्ति नास्तिका अनुकूल उत्तर दें

तदनंतर दुपहरमे बारह बजेके बाद **श्रीमान् किसनदासजी मुथा, श्रीमान् कुदनमलजी फिरोदिया वकील, श्रीमान् मगनमलजी गांधी, श्रीमान् हीरालालजी गाधी (टिळक), श्रीमान् उत्तमचद्जी बोगावत वकील, श्रीमान् घोंडीरामजी मुथा, श्रीमान् पुनमचद्जी भंडारी** वगैरह सुश्रावक एकत्रित हुए सबकी सम्मतिसे पडित रत्नमुनि **श्री आनंद ऋपिजी महाराज** जीवनचरित्र सुनाने लगे जिस समय चित्रालकार काव्य, और ज्ञानकुजरका वर्णन आया, उस समय उन हस्तलिखित पत्रोंको देखनेकी मुथाजी वगैरा श्रावकोंकी अभिलाषा हुई उन सब प्रमाणभूत दर्शनीय अद्भुत लेखोंको देखकर सब श्रावकोंका अत करण आल्हादित हुवा

फिरोदिया वकील साहबने फरमाया कि जिस महापुरुष **श्रीतिलोक ऋपिजी महाराज**के द्वारा दक्षिण देशमे जैनधर्मका पुनरुद्धार हुवा ऐसा कहा जाता है और जनताको चमत्कृत करनेवाले उनके हस्तलिखित ऐसे २ लेख विद्यमान है, उनका जीवनचरित्र क्यों न प्रकाशित किया जाय ? मेरी तो यह राय है कि जिस तरीकेसे वे ग्रामानुग्राम विचरे हैं, उसी तरीकेसे विशदरूपसे प्रकाशित किया जाय तथा सब चित्रोंका फोटो दिया जाय यदि इन चित्रोंका फोटो नहीं दिया जायगा तो इन अद्भुत कृतियोंके विषयमें जनताको संशय होगा

इसपर उपस्थित सज्जनोंका एकमत होनेपर जीवन चरित्र प्रकाशित करानेका पूर्ण निश्चय हुवा परन्तु फिरोदियाजीके कथनानुकूल सब चित्रोंके छपानेमें बहुत द्रव्यका व्यय था, इसलिए यह काम पूरा न हो सका इस जीवन चरित्रके अवलोकनका लाभ जो आज समाजको मिल रहा है, इसका पूर्ण श्रेय श्रीमान् **रतनलालजी कोटेचा**, श्रीमान् **कन्हैयालालजी** कोटेचा, बोदवड तथा वहाके श्रीसघको है, क्योंकि उन्हीं लोगोंके अत्यंत आग्रहमे यह काम प्रारम हुवा

दक्षिण प्रांतवर्ती पीपला [अहमदनगर] निवासी श्रीमान् **चांदमलजी सोभाचंदजी बोरा** तथा श्रीमान् **तेजमलजी नंदरामजी बोराजीने** चित्रालंकार काव्य, शील-रथ, और ज्ञानकुंजरके पत्रोंको प्रकाशित करके संस्थाको अर्पण किया उसीसे जीवन चरित्रकी विशेष शोभा हुई है, उस श्रेयके भागी पीपलानिवासी श्रावक हैं.

इसके पश्चात् सकल श्रमणसंघसे सादर निवेदन है कि पूज्यपाद विरचित ग्रंथोंका अबतकभी बराबर पता लगता जाता है. अद्यावधि जितने ग्रंथोंका पता लगा है, उनका नाम तो प्रायः जीवनचरित्रमें दिया गया है. अब यदि किसीभी व्यक्तिके पास कोई ग्रंथ होवे तो कृपाकर सिर्फ उस ग्रंथका नाम, रचनाका देश काल, सूचित करें, ताके उसको दूसरे संस्करणमें संकलित किया जायगा, और आप लोगोंका उस बाबतमें आभार माना जायगा.

इस पुस्तकके अंदर लेखक तथा मुद्रकके असावधानतासे तथा दृष्टिदोषसे बहुतसी अशुद्धियां रहनेकी संभावना है, उसको सुधारकर बांचे.

गच्छतः स्खलनं क्वापि, भवत्येव प्रमादतः
हसंति दुर्जनास्तत्र, समादधति नाः ।

इत्यलम्

निवेदक.

गुलाबचंद पारख. भैरुदान बद्धाणी.
मंत्री. उपमंत्री.

श्री जैनधर्म प्रसारक संस्था,
सदर बाजार, नागपूर.

आभारदर्शन

इस बडी पुस्तकको प्रकट करनेमें ज्ञान प्रेमिओंने निम्न प्रकार आर्थिक सहायता देकर संस्थाके उत्साहको बढाया है। अत. सामार धन्यवाद दिया जाता है।

७०० रु. श्रीमान हीरचंदजी नाथुलालजी पारख सदर बाजार नागपूर.

५०० ,, ,, नवलमलजी सुरजमलजी बोका, यादगिरी

१०१ ,, ,, आसकरनजी रतनचदजी बैद, मुंगेली

१०० ,, ,, स्वर्गवासी राजमलजी बोरूदिया गनोरी निवासी की धर्मपत्नी श्रीमती जडाव बाई

५१ ,, ,, भयाशकर चतुरभुज, उमरावती.

५१ ,, श्री जैनसघ, चांदूर बाजार, (उमरावती)

५१ ,, ,, मूलचदजी केसरीचदजी कोचर, एलीचपूर

५१ ,, ,, मगनीरामजी आचलिया की धर्मपत्नी श्रीमती लछमीबाई पींपळखुटा

२०॥ ,, श्रीमती केसरबाई, बोरीनिवासी मारफत श्री लालचदजी रघुनाथदासजी, चोदवड

३०० ,, श्रीमान् रतनचदजी जसराजजी छाजेड, घ्रसा, (अहमदनगर) पहिलेसे १५० पुस्तकके ग्राहक बने।

२५० ,, दानवीर श्रीमान् शेठ नेमीचदजी सरदारमलजी पुगालिया, इतवारी नागपूरवाले १२५ पुस्तकके ग्राहक बने


१०१ ,, रायबहादुर श्रीमान् शेठ फूलचंदजी चादमलजी नाहार, बरेलीवाले ५० पुस्तकके ग्राहक बने

२ ,, श्रीमान् घेवरचदजी केसरीचंदजी चोपरा, पोहना, (हिंगणघाट)

श्री नवलमलजी किसनदासजी मुथा अहमदनगरवालोंने इस पुस्तकके द्वितीय संस्करण की आज्ञा दी इस लिये, भुसावलनिवासी श्री सागरमलजी ओस्तवाळ, नागपूर सदर बाजार निवासी, श्री भैरुदानजी बद्धाणी, आदिने प्रुफसशोधनका काम किया है इसलिये तथा प्रेस मेनेजरने कई प्रकार की सुविधा कर दी इसलिये, इन सब सज्जनोंका आभार मानते हैं

प्रकाशक.

विषयानुक्रमणिका.



श्री ति ` षेर्ज महरज

ॐ र्जी चरित्र ॐ

॥ ओ३म् ॥

लेखकके दो शब्द.

संसारसागरस्यान्तं, गन्तुमीहास्ति चेद्यदि ।
चरित्रं महतां पोतं, कृत्वा गच्छन्तु भावुकाः ॥ १ ॥

हे भव्यपुरुषो ! इस संसाररूपी समुद्रसे पार होनेकी इच्छा यदि आप लोगोंकी है, तो महान् पुरुषोंके चरित्ररूपी नौकापर आरूढ होकर सुखसे जाइये, अर्थात् यदि आप दुःखमय जगतमें सुखसे जीवन व्यतीत कर परलोकको सुधारना चाहते हैं तो, सब उपायोंको छोडकर सिर्फ उत्कृष्ट चरित्र संपन्न महात्माओंका चरित्र पढिये और तदनुसार अनुकरण कीजिए । इस समय भाषा साहित्यके अंदर इतनी अधिक संख्यामें नूतन पुस्तकें निकल रही हैं कि जिनका नामोल्लेख करना अशक्य है; परंतु इन पुस्तकोंके अवलोकनसे " विनायकं प्रकुर्वाणो रचयामास वानरम् " इस लोकोक्तिके अनुसार फलस्वरूप उन्नतिके स्थानमें अवनति ही दृष्टिगोचर हो रही है, अर्थात् समाज प्रतिक्षण चारित्र शिथिल व अनुत्साही हो रहा है। आज यदि इन पुस्तकोंके चतुर्थांशमें **स्वर्गीय स्वामी अजरामरजी महाराज**, तथा चरित्रनायक पंडितवर्य **श्रीतिलोक ऋषिजी महाराज**, वर्तमान शतावधानी पंडित **रत्नचंद्रजी स्वामीजी महाराज**, आदिकी जीवनी तथा उनके साहित्यके समान पुस्तकें प्रकाशित होती तो आज समाज उन्नतिके शिखरपर अवश्य पहुंच गया होता । क्योंकि—

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः ।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥ १ ॥

अर्थात् जिस रास्तेसे श्रेष्ठ पुरुष गमन करते हैं, उसीका अनुकरण करके तदनुयायी समाज भी चलता है, इस लिये आध्यात्मिक तथा पारमार्थिक लाभको सेवन करनेवाले महान् पुरुषोंका जीवनचरित्र यदि जनताके सामने रक्खा जाय तो चरित्र नायकके प्रारंभिक कर्तव्य तथा उनके गुणोंके साथ अपने कर्तव्य तथा गुणोंकी तुलना करके " हेयोपादेय " अर्थात् बुरेका त्याग और अच्छेका ग्रहण करके समाज मनुष्यजीवनका लाभ ले सकता है.

पूर्वकालमें जो प्रसिद्ध महात्मा और विद्वान् हो गये हैं, वे अपने शारीरिक आध्यात्मिक कर्तव्यको करते हुए आत्मिक, मानसिक, सामाजिक उन्नतिके लिए तीर्थंकर, गणधर, साधु, श्रावक तथा अन्य सच्चरित्र पुरुषोंके चरित्रावलोकन तथा लेखनमें ही समय व्यतीत करते थे । देखिये जैनशास्त्रोंमें—चरितानुयोग, कथानुयोग—प्रभावक चरित, नेमि निर्वाण, वगैरह तथा वैदिक मतोंमें रामायण, महाभारतादि ग्रंथ, कि इनके रचयिता सत्पुरुषोंने संसारमें प्रसिद्ध भव्य पुरुषोंके चरित्रलेखन द्वारा अपने साहित्यमें कितना उच्चपद प्राप्त किया है ? साथ ही साथ इसके श्रवण करनेसे पुण्य होता है, दुरित विध्वंस होता है, इत्यादिक तात्त्विक

प्रलोभन देकर अपने भावा सतानोंका चित्त आकर्षित कर समाज व धर्मको भी उन्नतिके उच्च शिखरपर पहुचाया है।

जीवनचरित्र वह वस्तु है कि जिसका अवलवन करके सकटरूपी ससार सागरमें पडकर भी मनुष्य जीवनरूपी नौकाको पार कर सकता है, परतु जीवनचरित्रके नायक सब कालमें सब जगह प्राय कम मिला करते हैं, कहा भी है--

शैले शैले न माणिक्यं मौक्तिकं न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र चन्दनं न वने वने ॥ १ ॥

अर्थात् हर एक पर्वत में माणिक्य पैदा नहीं होता है, प्रत्येक हाथी के मस्तकमें मुक्ता उत्पन्न नहीं होता है, ससारमें सब जगह साधु पुरुष नहीं मिलते हैं, न तो हर एक वनमें चदन उत्पन्न होता है साराश यह कि जगतमें स्थल स्थलपर ऐसे महापुरुष प्रगट नहीं होते हैं कि जिनका जीवनचरित्र लिखा जाय। जीवनचरित्र सच्चरित्र साधु पुरुषोंका लिखा जाता है, साधु वे हैं, यथा—

मनसि वचसि काये पुण्यपीयूषपूर्णा,
त्रिभुवनमुपकारश्रेणिभि प्रीणयन्त ।
परगुणपरमाणून् पर्वतीकृत्य नित्यं,
निजहृदि विकसन्त सन्ति सन्त कियन्त ॥ १ ॥

अर्थात् जिनके मन वचन कायमें पुण्यरूपी अमृत भरा हो, त्रिविध पापसे एकान्त निवृत्त हो, उपकारके कतारोंसे ससारको तृप्त कर दिया हो, अपने गुणोंका प्रशसावाद छोडकर परमाणु मात्र भी परगुणको पर्वतके समान दरशाया हो, और जिनका हृदय प्रफुल्लित हो, ऐसे सत दुनियामें कितनेक होते है ? अर्थात बहोत थोडे, परन्तु इस पृथ्वीका नाम वसुधरा है, कहीं न कहीं ऐसे नररत्न पैदा होही जाते हैं श्रीमहावीरप्रभु ऐसे तीर्थकर, गौतम–सुधर्मा स्वामी ऐसे गणधर, श्रीरामचद्र ऐसे बलदेव, श्रीकृष्ण सरीखे वासुदेव और श्रीनेमिनाथ भीष्म समान ब्रह्मचारी, इसी वसुधराके गोदमें पैदा हुये थे ऐसी ऐसे वीर पुरुष विद्यमान हैं और होते जायगे।

उसी रत्नगर्भा वसुधरापर पवित्र मालव देशमें **चरित्रनायक पूज्यपाद महात्मा श्रीतिलोक ऋषिजी महाराज** भी विक्रमीय २० वी शताब्दीके प्रारभ कालमें श्री स्थानकवासी जैन सम्प्रदायमें पैदा हुये थे, जिनका आमूल जीवन वृत्तात जाननेके लिये जैन समाज तथा अन्य समाजके लोग भी लालायित हो रहे थे, अच्छे २ उच्च आदर्श पुरुषोंने जिनका जीवन चरित्र प्रकाशित करनेके लिये अपना अपना अभिप्राय प्रगट किया था

सन् १९२७ इसवीमें कच्छसे **श्री १००८ श्री नागचन्द्रजी स्वामीने, पूज्यपाद श्रीतिलोक ऋषिजी महाराजके** सुशिष्य रत्नत्रयाराधक **बाल ब्रह्मचारी श्री रत्न ऋषिजी**

महाराजका स्वर्गवास हो जानेपर, उनके सच्छिष्य **पंडितवर्य श्री आनंद ऋषिजी महाराज**के पास एक पत्र निम्न आशयका भेजे. वह पत्र इस प्रकार है.

कच्छ मुजपुर–जैन स्थानक

ता. ८-९-२७

परम पुनीत पूज्यार्ह, मुनिकुलमंडन, शास्त्रज्ञाने गरिष्ठ मुनि महोदय, श्रीमान् मुनीजी **श्री आनंद ऋषिजी** की सुयोग्य भावनामा चातुर्मासिक स्थान–

हिंगणघाट

आप महोदयनो पत्र ता. १८-८-२७ नो लखेल मळ्यो. वांची प्रमोदानुभव थयो. घणे वखते तमारा समाचार मळवाथी संयमरागवृद्धी थई. हे संयते! गुरुरूप वृक्षपर शिष्यरूप लता संजीवनी रहे छे. संसारसंबंधी मोह रागोत्पन्न छे. गुरु संबंध वीतराग भाव-पोषक बल अर्पे छे. तस्मात् कारणे गुरुवियोगे हृदय व्याकुलता उपजे, ए संभव छे; परंतु वियोग विरह ए पण एक स्थितिदायक छे. किं ? जे गुरुनी हयाती सुधी जेटला प्रमाणमां जे गुरुदेवने ओलखवानी जरूर, सेवानी उपासनानी, लाभ लेवानी, तरवानी ज्ञान पिपासा तृप्त करवानी, हृदय अंतःकरण अने मगज अने जीवनने संस्कारी बनावी समर्थ बनाववानी असाधारण अगत्य होय,तथापि गुरूनी हाजरी हयाति दरमियान न थवा पाम्युं होय, ते गुरुदेवना वियोगरूपी अग्नीथी सदाकाल अथवा केटलेक काल दाह अने भानकारक थाय छे. आप मुनि गुरुस्मरण, ध्यानादिवडे गुरु अने प्रभु शासन दीपाववाने समर्थ बनो, एज अमारी प्रबल पण समर्थ भावना छे, के जे आपने प्राप्त हो.

आप महोदय! आपना सद्गत गुरुदेवनुं स्मारक कोई पण रीते करवा इच्छो छो? स्मारक कोई पण संस्था द्वारा साध्य थाय. विद्या, आश्रय, अने स्थान द्वारा थई शके; परंतु आपनी शक्ति संयोग साधन अने परिस्थितिपर आधार राखे छे. अने कशुं पण न थइ शके तेवा संयेगो होय तो आप श्रीमानना संप्रदायमां भूतपूर्व मुनिराजोनी काव्यकृति, लेखकृति, अने ग्रंथकृति विगेरे जे होय तेने सुविहित रीते गोठवी छपावी प्रगट करवानो उपदेश, प्रबंध अने व्यवस्था करावरानी जरूर अमोने समजाय छे छेवट **श्रीमान् रत्नऋषिजी महाराज** अने **श्रीमान् तिलोक ऋषिजी महाराज** ना जीवनचरित्र छपावी प्रगट करावबानी अने ते जोवानी अभिलाषा छे. आपनाथी बनी शके तेम होय तो प्रयास सेवशो. हाल एज संयमानुराग राखजो इत्योम् वीरम्

भवदीय

मुनि नागचंद्रजी अने मुनि मंडलनी यथायोग्य वंदना, शांतिः।

एवम् और भी अन्य २ संत व आर्याजी तथा सुश्रावकोंकी भावना तथा अभिलाषा महाराजश्रीका जीवनचरित्र प्रकाशित होनेकी उत्पन्न हुई; परंत **श्री आनंद ऋषिजी** इस विषयमें तटस्थ रहे. कारण कि अल्पावस्थामें आपको छोडकर आपके गुरुवर्य **श्रीरत्न ऋषिजी** महाराज स्वर्गारूढ हुए, अतः समाजका सब भार आपके आश्रित हुवा. नित्य नैमित्तिक व्याख्या-

नादिक कार्यों के पश्चात् आए हुए जिज्ञासु जनोंके साथ प्रश्नोत्तर वगैरहमें सब काल व्यतीत हो जानेसे समयका अभाव था।

स. १९८८ के चातुर्मासमें जोदवड़में श्रीउत्तम ऋषिजी के अध्यापनार्थ मैं आया उस समय श्रीआनन्द ऋषिजी ने इस विषयकी चर्चा मेरे सामने रक्खी कि " मेरे अध्ययनकालमें पूनासे अहमदनगर तक जितने स्थानोंमें पूज्यपाद श्री तिलोक ऋषिजी महाराजका पदार्पण हुवा था, प्राय सब आप देख चुके है उस कालमें वृद्धोंद्वारा तत्तत्स्थानोंमें महाराजश्रीके विषयमें बातें सुन चुके हैं और महाराज श्री के हाथका लिखा हुवा दिनचर्यापत्रका उतारा बहुत कुछ मेरे पास है, यदि आपकी इच्छा होवे तो पूज्यपाद महाराजश्री का जीवनचरित्र अवलोकन करनेका लाभ सबको दीजिये, परन्तु इस जीवन-चरित्रमें सिर्फ जितनी बातें वृद्धोंके द्वारा आपके श्रवणपथमें आई हैं जो महाराज श्री के हस्तलिखित प्रमाणभूत हैं, वेही बातें मध्यरूपसे दरशाई जाय "

इस बातको स्वीकार कर आज निशिगुणसपन्न, जैनागमकेसरी, कवीन्द्र, प्रात स्मरणीय, पूज्यपाद श्री १००८ श्री तिलोक ऋषिजी महाराजका संक्षिप्त जीवनचरित्र समाजके सामने उपस्थित करनेमें मुझको अत्यत आल्हाद पैदा होता है, परंच उसके साथ ही साथ खेद यह उत्पन्न होता है कि जिस महान् पुरुषका यश माल्वा, मेवाड, मारवाड, पजाब, कच्छ, गुजरात, महाराष्ट्र, वराड, निजाम स्टेट आदि देशोंके कोने २ में आज भी सब मनुष्योंके श्रवणरंध्रमें अमरवत् गुंजारव कर रहा है, तथा जिनके पच परमेष्ठीके कविताको आबाल वृद्ध श्रावक श्राविकागण प्रतिक्रमणमें अहर्निश प्रेमपूर्वक गान करते हैं, उस जग-द्विख्यात आदर्श महात्माका चरित्र मेरे ऐसे साधारण व्यक्तीसे लिखनेका साहस करना मानो सूर्यको देखनेके लिए दीपक जलाना है। तथापि--

सोई भरोस मेरे मन आवा, कोन सुसग बडाई पावा।
धूमौ तजे सहज करुआई, अगर प्रसग सुगध बसाई ॥ १ ॥

परम वैष्णव रामचद्रचरणानुरागी गोस्वामी तुलसीदासजीके इस उक्तिके अनुसार यथामति लिखनेके लिए लेखनी उठा रहा हू क्योंकि जिस महात्माके अलौकिक कर्त-व्योंको श्रवण तथा अवलोकन कर श्रोतागण वशाके शब्दपर मोहित हुये नागके समान डोलने लगते हैं, उसी परम शास्त्रविनयी महान पुरुषका परम पावन यश मेरे आत्मा तथा बुद्धीको अवश्य पवित्र करेगा

अहिंसाप्रवर्तिगजनेगरी इस चरित्रनायककी परिमितकालीन अद्भुत कर्तव्योंका यदि मैं अपने अल्पबुद्धिसे वर्णन करूं तो भी वह एक बृहत् पुस्तक हो सकता है इस भयसे सुक्ष्मरूपमें यह चरित्र दिया जाता है कि जिसका आद्योपान्त वाचन श्रवण मनन कर जिज्ञासुगण परम लाभ उठावेंगे और यदि इस लेख में व्यवहारिक तथा साहित्य सम्बन्धि लेखोंकी अधिकता या न्यूनता दृष्टि गोचर होवे तो लेखक को क्षमाप्रदान करेंगे

पं राजधारी त्रिपाठी गोरखपुरीय।

संस्कृते पूज्य पादस्य गुरुपरम्परा हित जीवनचरित्रम्

नत्वाऽथ शासनपति महंतसु वीरम्,
स्तुत्वा गिरं निखिलजन्मिगुरोश्च तस्य ॥
जिज्ञासुवर्गप्रमुदे ऋषिपुङ्गवानाम्,
पाटावलिं वितनुते स्वश्रुतक्रमेण ॥ १ ॥

आदित्यवंशप्रभवाः खलु कोशलेन्द्राः,
काले गतेऽथ विदिता रघुवंशनाम्ना ॥
एवं हि संयतिसमाजमहर्षिवर्गाः,
जाताः 'कहान्' जि ऋषिगच्छप्रसिद्धिभाजः ॥ २ ॥

श्रीमत्सुपूज्यपदवीं ऋषिपुंगवानाम्,
रूढः 'कहान्' जी ऋषिरद्य न भूतलेऽस्ति ॥
जागर्ति तद्गुणगणप्रखरस्तथापि,
एतावता स विदितो विदितप्रभावः ॥ ३ ॥

तत्पादयार्तिरमचङ्कृषिवर्गमुख्यः,
ताराऋषिस्सकलशास्त्रविचारदक्षः ॥
कालाऋषिस्तदनु पूज्यपदेऽधिरूढः,
एवंक्रमेण बखस् (बख्तू) ऋषिपूज्यपादः ॥ ४ ॥

पूज्योऽथधन्य (धनजी) ऋषिरग्रसरो मुनीना,
भयवंतशिष्यप्रवरः खलु तस्य जातः ॥
तच्छिष्यलोकविदितः प्रथितप्रभावो,
जातस्त्रिलोक इति लोकललामभूतः ॥ ५ ॥

अस्त्येकं रतलाम नाम नगरं शोभाशिरोमण्ण,
यस्मिन्श्रीदुलिचन्द नाम विदित श्रीमानभूच्छीलवान्
नानू नाम निरूपिता गुणवती साक्षात्क्षमारूपिणी,
भार्याजीजनदस्य धन्यदिवसे सन्तानरत्नत्रयीम् ॥ ६ ॥

वेदाकाशनिधीश्वराख्यगणिते चैत्रे शुभे हायने,
पक्षे कृष्णतमे तृतीयदिवसे विष्णुर्दिवेशेष्विव ।
नक्षत्रेषु यथा हिमांशुरभव पुत्र " सुराणा " मणि ,
गोत्रोद्धारणकारण स विबुधैर्नाम्ना तिलोक कृत ॥ ७ ॥

धन्येऽब्दे नगरञ्च पण्डितमणि प्राप्तोऽयवन्तामुनि ,
साध धर्मपरैरपारमतिभि शिष्यैस्तथा साधुभि ।
तस्योपाधिपराङ्मुखे सुवचने प्राप्ता विराग सती,
श्रीनानू शरण गता मुनिपते सन्तानरत्नै सह ॥ ८ ॥

वेदैकग्रहरात्रिभूषणमिते माघे च पक्षे सिते,
सौम्यर्क्षे प्रतिपत्तिथौ निजवयोद्धि पञ्चके हायने ।
पूर्णे सर्वकलाभिरङ्कविकलश्चन्द्रो यथा स्व गुरु,
स्वीकृत्य प्रवर मुनिं जिनमुनिर्जातस्तिलोक प्रभु ॥९॥

काले स्वल्पतमे तपोभिरमल सम्प्राप्य ज्ञानामृत,
निर्माय स्वयश शरीरमभर पूर्वार्जितै कर्मभि ।
कायोत्सर्गपरायणेन मनसा ध्यायन्प्रभु शाश्वत,
मोहग्राहभयावह जगदुदन्वन्त तरीतु सदा ॥ १० ॥

शास्त्राणां समुपेत्य सप्तदश च भृश यथा पक्षिणा,
नित्य पोषणतत्पर मुनिवरं शान्त नितान्त रतम् ।
तद्भक्तिरसानुभावभरिता पीयूषमवर्षिणी,
ध्यानज्योतिरपास्तकिल्बिषमिम प्राप्ता कविरत्नप्रभा ॥११॥

एषा षष्ठिसहस्रपद्यरचना रम्या मुनेर्भारती,
गायन्ती स्तुतियोग्यदिव्यपुरुषान्सीताचरित्रादिषु ।
लोकानुग्रहहेतवे सुविदुषां चेतःप्रसादाय च,
पूर्णा शान्तरसेन जन्हुतनया गङ्गेव विभ्राजति ॥ १२ ॥

हंसा वै सरसीमिव प्रतिदिनं फुल्लैःसरोजैर्युतां,
नानाभावविभावितां समभजन्वाणीं गुणग्राहिणः ।
विद्वान्सो मुनयः प्रसिद्धयतयो वार्ताप्रसङ्गादिषु,
प्राशंसन्नतिहर्षिता मुनिपतेरष्टावधानां प्रभाम् ॥ १३ ॥

गोकर्णप्रमिते द्वितीयमलिखद्यो मूलसूत्रन्दले,
शद्वैः स्पष्टविभासितैः सुविमलं शास्त्रं सपुच्छीसुणम् ।
लोकास्तस्य प्रशस्तलेखनकलानैपुण्यवारांनिधे-
र्गाम्भीर्यप्रतिमापनेऽप्यविभवो मुग्धा इवाश्चर्यतः ॥ १४ ॥

चित्रं वर्णमयं मुनेर्भगवतीशास्त्रानुसारं चितं,
श्रीसिंहासनहस्तिपालसहितो विज्ञायते कुञ्जरः ।
मन्ये तद्व्यरचि प्रवीणमुनिनाऽगाधामपारामपि,
एनां चित्रकलानदीमतिबलामालोढितुं यत्नतः ॥१५॥

एवंन्चाश्वयुतःसुवर्णरचनादेदीप्यमानो रथः
शीलाङ्कैःसुविराजितो विरचितःसम्मोहनश्चेतसाम् ।
अन्तं याति विषादकण्टकयुता या मोहभूमेरिमान्,
शीलादीन्परिशीलयन्सुमनसः स्वान्तं समारुह्य यत् ॥१६॥

पूर्णा जैनमतानुयायिभिरहो मार्गस्य काठिन्यतः,
आसीद्वैभवदीप्तदक्षिणदिशा शून्या मुनीनां गणैः ।
आत्मानं परितोष्य बोधपयसा जित्वा पिपासामपि,
धर्मोद्धारणकारणेन मुनिना सेयं सनाथीकृता ॥ १७ ॥

नोट—१ आठ प्रश्नोंका उत्तर देना यह अष्टावधान नहीं किंतु एकसाथ-लिखना-पढाना-पासमें बैठे हुए लोगों के भाषण का अनुमान करना ऐसे आठ अवधान करते थे

प्राप्तो " घोडनदे"ऽत्र रत्नमिव तं श्रीरत्ननामा मुनिः,
प्राप्त्या यस्य सुचण्डमार्गजलधमेन्ध कृतार्थोऽभवत्
आपाढे नवमीदिन सितदले प्राप्त स दीक्षाव्रती ,
शिष्यत्व रसपायकग्रहहिमज्योतिर्मिते हायने ॥ १८ ॥

शिष्यैरस्तसमस्तदोषनिचयै' संसेवित श्रीमुनि.,
ग्रामंग्राममुपेत्य शास्त्रकथित धर्म समादिष्टवान् ।
य श्रुत्वा बहुलाप्यजैनजनता जैन मत शाश्वतं,
ससारोदधिपोतरूपिणमिम संश्रित्य शोभायते ॥ १९ ॥

एव वर्षचतुष्टय मुनिवरै स्वीय प्रयासाम्बुभि ,
सिक्तो धर्मतरु सुगंधसुमनोभि सेवित स्थापित ।
ससारीयविपाकमोहमदिरोन्मादेन मत्तो जन,--
श्छायां यस्य समेत्य सौख्यजननीं प्राप्नोति शान्ति शुभाम्॥ २० ॥

संप्राप्त. स मुनीश्वरोऽथ नगरं प्रावट्समतुं यापितु,
तत्राकस्मिकरोगरुग्णवदनो ज्योति पर चिन्तयन् ।
आकाशश्रुतिरत्नचन्द्रगणिते वर्षे सिते श्रावणे,
प्राप्तो दिव्यदशा द्वितीयदिवसे वैमानिकै सत्कृत ॥ २१ ॥

आयात स्मृतिमार्गमप्यविरत दत्ते वियोगो मुने
शल्यानीव मन सुधी ततमसा सान्द्रं मुनीनामपि ।
किन्त्वेन सुविचार्य शास्त्रवचन शाम्यन्ति तेषा व्यथा ,
कालेऽस्मिन्नवसर्पिणीति गदिते को वामरत्व गत ॥ २२ ॥

समाप्य मानपर्वीं निखिलोध्वपुसा,
लोके परत्र च चिर खलु मोदते य ।
श्रीपूज्यपादकमलस्य गुरोश्च तस्य,
शृण्वन् स्तुवन् गुणगणान् मुदमाप्नुवन्तु ॥२३॥

॥ पूज्यपाद श्री तिलोकऋषिजी महाराजका जीवन वृत्तान्त ॥

महाराज श्री की गुरुपरम्परा.

विक्रमसंवत्सरके पन्द्रहवीं शताब्दी के प्रारम्भ कालमें सूरत निवासी वीरजी वोरकी पुत्री फूलाबाई के कुक्षिसें **लवजी** नाम के पुत्र उत्पन्न हुए. वे अनेक शास्त्रोंका अभ्यास कर माता पिताकी आज्ञानुसार **लोंकागच्छ** में दीक्षा धारण कर शुद्धाचार पालन करते हुए शास्त्रानुसार शुद्ध सद्बोध तथा जैन मान्यओ के शुद्धाचारको सभी जनताके हृदयमें भरते हुए ग्रामानुग्राम विचरने लगे। उनके पश्चात् **श्री सोमजी ऋषिजी** पाटपर विराजमान हुए, तत्पश्चात् **पूज्य श्री कहानजी ऋषिजी** महाराज पाटपर सुशोभित हुए, और वही से उनके नाम से सम्प्रदाय की स्थापना हुई, पूज्यश्री को ४०००० चालिश हजार गाथाएँ कंठस्थ थी, यह परम्परा द्वारा सुना जाता है. यद्यपि ऋषिसम्प्रदाय सर्वसम्प्रदायोंमें प्राथमिक तथा प्रवर्तक कही जाती है तथापि जैसे सूर्यवंशीय राजगण प्रबलप्रतापी राजा रघुके कालसें रघुवंशी कहलाये, वैसेही **पूज्यश्री कहानजी ऋषिजी** के नामसे यह **ऋषि सम्प्रदाय** विख्यात हुवा। पूज्यश्रीके बाद क्रमसे **पूज्यश्री तारा ऋषिजी, पूज्यश्री काला ऋषिजी, पूज्यश्री बक्षुऋषिजी** आचार्य पदपर आरूढ हुए. पूज्यश्रीके छठवें पीढीमें तपस्वीराज **श्री देवजीऋषिजी** महाराज विराजमान है। पूज्य **श्री बक्षूऋषिजी** महाराजके पाटपर **पूज्यश्री धनजी ऋषिजी** विराजमान हुए, उनके प्रथम शिष्य **श्रीअयवंता ऋषिजी** द्वितीय **श्रीखबाऋषिजी** महाराज हुए. **श्री अयवंता ऋषिजी** के पाटवी शिष्य चरित्र नायक **श्री तिलोक ऋषिजी** महाराज हैं जिनका सूक्ष्म जीवनचरित्र आपके करमें सुशोभित है. आपके पाटवी शिष्य **श्री रत्नऋषिजी** महाराज हुए. प्रशिष्य **श्री आनन्द ऋषिजी** महाराज विद्यमान हैं. महाराज श्री के शिष्य प्रशिष्य परम्परा सविस्तर परिशिष्ट में दिए है. और महाराज **श्री खबाऋषिजी** के प्रशिष्य **पूज्यश्री अमोलक ऋषिजी** महाराज विद्यमान हैं, जो कि जैनशास्त्रोंका भाषान्तर तथा ग्रंथ निर्माण कर समाज में सुशोभित हैं। **श्री अयवंता ऋषिजी** महाराजके द्वितीय शिष्य **श्री लालजी ऋषिजी** महाराज थे आपके शिष्य विद्वद् रत्न मुनि **श्री दौलत ऋषिजी** महाराज थे जिनके पाटवी शिष्य मुनि **श्री मोहन ऋषिजी** महाराज विद्यमान हैं।

॥ अध्याय ॥ १ ॥

महाराजश्रीकी जन्मभूमि तथा पूर्वचरित.

मालवदेशमें बहुत प्राचीन कालसे वसा हुवा **रतलाम** नामका शहर है, वहांपर ओसवाल जातिके सुराणा गोत्रमें उत्पन्न हुए समृद्धिसंपन्न प्रतिष्ठित **श्रेष्ठी " दुलीचंदजी "** नामक श्रावक रहते थे। पर्याप्त संपत्ति इहलौकिक सुखसाधनका कारण होनेपर भी आप सदैव " **पद्मपत्रमिवांभसा** " अर्थात जलमें कमलदलके समान निर्लेप रहते थे. किसीनें क्या कहा है:-

वसन् विषयमध्येऽपि न वसत्येव बुद्धिमान् ।
सचसत्येव दुर्बुद्धिरसत्सु विषयेष्वपि ॥ १ ॥

अर्थात् बुद्धिमान पुरुष सांसारिक विषय वासनाके बीचमें रहकर भी उससे उदासीन रहते हैं, दुर्बुद्धि लोग अनित्य विषयोंमें सांसारिक साधन नहीं होनेपर भी सदा उसीमें लीन रहते हैं। शेठजी बाह्यदृष्टिसे व्यवहारिक व्यापारादिक कार्योंको करते हुए बहुधा अपने समयको सन्त-मुनिराजोंकी संगति तथा शास्त्रके अभ्यास-श्रवण मननमें बिताते थे। अपने तन धनको धर्मके लिये न्योछावर करनेको सदा कटिबद्ध थे

दुलीचंदजी शेठ की धर्मपत्नीका नाम नानूबाई था यह बाई पवित्रता पतिव्रता आचार विचारकी लावण्यमयी मूर्ति थी दोनों सध्यामें सामायिक, प्रतिक्रमण तथा भगवद्भजन, सत्पात्रदान इत्यादि सत्कर्मोंमें प्रवृत्त रहती थी। बाईजीका जितना धार्मिक ज्ञान तथा चरित्र ऊंचा था, उतनाही सांसारिक व्यवहारमें पतिके साथ अपना अनुपम प्रेमभाव प्रगट करके वास्तविक अर्द्धांगिनी शब्दको सिद्ध कर दिखाया था।

इस प्रकारसे सांसारिक सुखका अनुभव करते हुए रत्नगर्भा बाईजीके कुक्षीसे प्रथम धनराजजी दुसरे कुंवरमलजी ये दो पुत्र और हीराबाई एक पुत्री उत्पन्न होनेके बाद विक्रम संवत् १९०४ के चैत्र कृष्ण तृतीया बुधवार को एक ऐसे पवित्रात्मा प्रगट हुए कि उस भव्यात्माका शरीर संस्थान कमलनेत्र सुवर्णवत् मनोहर भव्याकृतिको देखकर प्राणीमात्रके हृदयमें अपूर्व आल्हाद पैदा होता था अत एव यथार्थ तिलोकचन्द्र नामसे वह लोकमें विख्यात हुए उनका हस्तलिखित जन्मपत्र इस प्रकार है-

विक्रम शुभ संवत् १९०४ शके १७६९ उत्तरायणे रवौ वसंततौ चैत्रमासे कृष्ण पक्षे तृतीयायां तिथौ घट्य ६।०। चित्रानक्षत्रे घट्यादय १०-३७ व्याघातयोगे ३९-० सूर्योदयादिष्ट घटी ३३-५०। सूर्य मीन सक्रांतेगतांशा १२ समये जन्म।

जन्माग चक्रम्



तिलोकचंद्रजी जब कुमारावस्थामें थे,उसी समयसे व्यवहारिक लिपिज्ञानके साथ माताके द्वारा धार्मिक शिक्षा भी बहुत कुछ प्राप्त कर [illegible] और [illegible] आयुजीके विषयमें [illegible] चार माह पहले ही आपके पिताजीका जीवन प्रदीप [illegible] सुखसे आप एकांत वंचित रहे।

॥ अध्याय ॥

वैराग्य

विक्रम संवत् १९१४ में श्रीमज्जैनाचार्य [illegible] कहानजी ऋषिजी महाराजके [illegible] ने जालनाधारा महाराज अपने शिष्य वर्गसे [illegible] पधारे, आपके

थे। अपने पुत्रों और पुत्रीको साथ लेकर त्रिलोकचंद्रजीकी माता नानूबाई भी समाजमें
ठी थीं। उस रोज महाराजश्रीका व्याख्यान "न वैराग्यात्परो बन्धुर्न संसारात् परो रिपुः"
र्थात् वैराग्यसे बढकर कोई अपना बंधु नहीं है, और सांसारिक विषयोंसे बढकर कोई
त्रु नहीं है; इस विषयपर अत्यंत प्रभावशाली व्याख्यान हुवा। व्याख्यान श्रवण करते ही
पतिवियोग दुःखिता नानूबाईको शुद्ध वैराग्य उत्पन्न हुआ और पितृहीन अपने चारों
संतानोंको छोडकर दीक्षा लेनेके लिये अपना दृढ निश्चय कर लिया.

माताकी यह दशा देखकर **हीराबाई** जिसकी सगाई आंबावाले श्रीलछमनदासजी
नवयुवकके साथ हो चुकी थी, वह भी माताकी अनुगामिनी होनेके लिये तयार होगई. परि-
वारके तथा इतर संबंधी लोगोंने सांसारिक बातोंसे बहुत कुछ प्रलोभन दिया. परंच वह बाइ
अपनी कुमारी अवस्थामें भी अपने ध्येयसे तनिक भी चलायमान नहीं हुई, वैराग्यपर कायम रही.

उस समय तिलोकचंद्रजीकी अवस्था ९ नव वर्ष आठ माहकी थी. परंच प्रतिष्ठित
समृद्धिसंपन्न गृहमें जन्म लेनेसे सैलानेवाले चुन्नीबाईकी कन्या गुलाबकंवरके साथ सगाई हो
चुकी थी. उपदेश श्रवण करनेसे तथा माता और अग्रजा भगिनी दशाको देखकर उनका
भी आत्मा मोहनिद्रासे जागृत हुवा. उन्हें वैराग्य स्फुरित हुआ. संसारकी अनित्यताका
प्रत्यक्ष होने लगा. शाश्वत सुखके तरफ मन दौडा और अपनी माता तथा बहनसे पहलेही
संयम लेनेके लिये उत्सुक हो गये. और उनके साथ साथ मध्यम भ्राता **कुअरमलजी** भी
उनके सहगामी बननेको कटिबद्ध होगये.

वसिष्ठजीने रामचंद्रजीसे कहा है–

ते महान्तो महाप्राज्ञाः निमित्तेन विनैव हि ।
वैराग्यं जायते येषां तेषां त्वममलमानसाम् ॥१॥

अर्थात्- वे महाबुद्धिमान महात्मागण वास्तविक धन्य है कि जिनके निर्मल मनमें
विनाकारण वैराग्य उत्पन्न होता है। यथार्थ इस बातको तिलोकचन्दजीने सिद्धकर दिखादिया.
पूर्वका संस्कार उदय हुआ. अपूर्ण १० दश वर्षकीही अवस्थामें ऐसा कठिन क्षुरधारासम
संयम व्रतपर स्वतः वैराग्यपूर्वक चढनेको तैयार हो गये। पुण्यात्मा पुरुषको उच्चपदपर
जानेके लिये अतिकठिन भी मार्ग अत्यन्त सुगम हो जाता है. आपके वैराग्यको माताजी
अपने प्रेमभावसें कुछ अन्तराय उपस्थित कर सकती, परंच पुत्रसें प्रथम वैराग्यारूढ होनेसे
पुत्रको समझानेके लिये किंचित्मात्र साधन उनके पास न रहा.

॥ अध्याय ॥३॥

संवत १९१४ माघ कृष्ण प्रतिपद् गुरुवारको दीक्षा काल.

शहरमें चारोंतर्फ इस बातकी सनसनी फैल गई, दीक्षाकाल नियत होगया, पंडितवर्य
श्री अयवंता ऋषिजी महाराज वहां विराजमानही थे. आसपासके औरभी साधु तथा
आर्याजीका शुभागमन हुआ. संवत १९१४ माघ कृष्ण प्रतिपद् गुरुवारको चतुर्विध संघ
के समक्ष बडे समारोहके साथ दीक्षा महोत्सव हुआ, उस समय रतलाममें एकत्रित भया हुवा

जैनसंघ दर्शनार्थ था ऐसा परम्परागत बातें सुननेमे आता है कुअरमलजी व तिलोकचन्दजी विद्वदशिरोमणी श्री अयवता ऋषिजी महाराज के शिष्य हुए। और नानूबाई तथा हीराबाई सतीशिरोमणी दयाजी सिरदाराजी की शिष्या हुई इसप्रकार एकहा रोज एक घरकी चार दीक्षाएँ हुई अब केवल धनराजजी अपने पैतृक सम्पत्तिपर रह गये, श्री कुअर ऋषिजी महाराज आजीवन एकान्तर उपवास करते रहे और १ चोलपटा तथा १ चादर के ऊपर अपना निर्वाह करते थे, उन्हा महात्माने भोपालमे जाकर अनेक मन्दिर मार्गियोंको अपने प्रामाणिक सदुपदेशमें साधुमार्गी बनाये उन्हा के सदुपदेशमें शास्त्रोद्धारक पण्डितरत्न पूज्य श्री अमोलख ऋषिजी महाराज तथा उनके पिताजी श्री केवल ऋषिजी महाराज मन्दिर मार्गको छोडकर साधुव्रतको धारण किये। आश्चर्यमें महाराज श्रीतिलोक ऋषिजी की उम्र ९ वर्ष १० मासकी थी इसमे पाठकवृन्द अनुभव कर सकते हैं कि मनुष्यका क्या कर्तव्य है ? उसके जीवनका क्या उद्देश है ?

साराश यहकि—मनुष्ययोनिमें जन्म पाना यह साधारण बात नही है इस योनिमें जन्म लेनेके लिये देवतालोग भी लालायित रहते है, इसी योनिमें सारासार धर्माधर्मादिक तत्वोंका विचार करके समस्त बधनोंसे निर्मुक्त होकर शाश्वत शांतिको प्राप्त कर सकता है। इसलिये ऐसा अनुपम अमूल्य मनुष्य जीवनरूपी चिंतामणि रत्नको पाकर इसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिये, ऐसाभी कभी दिलमें न लाना चाहिये कि मेरे लिये अभी समय बहुत है, क्योंकि कालरूपी शत्रु अपना वेग पकडकर बैठा है न मालुम किस समय खींच लेवे। परच यह ससार मोहरूपी जालमें चौतर्फ घिरा हुआ है, अज्ञानरूपी अन्धकारसे ढका हुआ है, अतएव ऐसेहा पथप्रदर्शक पुण्यात्माओंका चरित्र अवलम्बनकर चलना, अपार ससारसे पार होनेका सर्वोच्च साधन है

॥ अध्याय ॥४॥

शास्त्राभ्यास

श्री तिलोक ऋषिजी महाराजने गुरुजीके सेवा शुश्रूषाके साथ शास्त्राभ्यास प्रारभ किया जिस शास्त्रको आप हाथमे लेते थे मानों वह उनके हृदयकमलपर पहलेहीसे निवास कर चुका था। ठीकही है—"बहुना जन्मनामन्ते विवेकी जायते पुमान्" अनेक जन्मोंके अभ्याससे पुरुष विद्वान् होता है। स्वल्पकालमेंही आपने "श्री दशवैकालिक सूत्र, उत्तराध्ययनसूत्र, सूयगडागजी, अनुत्तरोपपातिक, निरियावलिकादी पच सूत्र, अतगड सूत्र वगैरह १७ शास्त्र कठस्थ कर लिये थे, शास्त्रस्वाध्यायमें अविरल प्रेम था बहुतसे सत तथा श्रावकोंने आपके द्वारा शास्त्रीय ज्ञान प्राप्त किया था, सतारावाले सुश्रावक बालमुकुन्दजी मुथा को शास्त्रका प्रारम्भिक शिक्षा आपहीके द्वारा हुई थी, वे कालांतरमें अच्छे शास्त्रज्ञ बने थे मुथाजी जीवनपर्यन्त हमेशा पूज्यपाद महाराजश्रीका गुणानुवाद करतेथे। महाराजश्री रात्रिमें प्रतिदिवस एक प्रहर ध्यानमें निमग्न होकर उत्तराध्ययनजी वगैरह शास्त्रोंका स्वाध्याय करते थे उस समय आपके कनिष्ट गुरुभ्राता श्री विजयऋषिजी महाराज

आपको मशक आदि जीवोंके परीषहसे बचानेके लिये प्रमार्जन करतेथे यह बात वृद्ध परम्परासे सुनी जाती है।

॥ अध्याय ॥५॥
कवित्वशक्ति.

महाराजश्री क्षणमात्र समयका दुरुपयोग नहीं करतेथे, आलस्यका लेशमात्र भी आपके पास नहीं था. आलस्यको परम शत्रु समझते थे. अतः उसका फल स्वरूप आपने थोडेही कालमें कवित्वशक्ति द्वारा गागरमें सागर भर दिया है. किसीने ठीक कहा है.

आलस्यं यदि न भवेज्जगत्यनर्थः,
को न स्याद्बहु धनको बहुश्रुतश्च ।
आलस्यादियमवनिः ससागरान्ता,
संपूर्णा नरपशुभिश्च निर्धनैश्च ॥१॥

अर्थात्- अनर्थकारी आलस्य यदि इस संसारमें नहीं होता तो अति धनाढ्य और प्रखर विद्वान् कौन नहीं होता ? परंच आलस्यके वजहसे समुद्रपर्यन्त यह पृथ्वी पशुतुल्य मनुष्योंसे और निर्धनोंसे भर गइ है. संवत १९२१ का चातुर्मास भी परम उपकारी **श्री अयवंता ऋषिजी** महाराजका सुजालपूरमें हुआ था. चातुर्मासके बाद क्रमशः विहार करके संवत १९२२ के आषाढमें मेसरोज पहुंचे वहींपर आषाढ शुद्ध ९ नवमी रविवारको सुगृहीतनामधेय **श्री अयवंताऋषिजी** महाराज अपना आयुष्य पूर्ण कर देवलोकारूढ हुए ! उस समय **श्री तिलोकऋषिजी** महाराजकी अवस्था १७ वर्ष ३ माहकी थी. गुरुवियोगसे आपके हृदयकमलपर अति कठिन आघात पहुंचा. परंच अपने आत्मज्ञान द्वारा संसरणशील संसारकी प्रगतिपर ध्यान देकर **"काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमतां"** इस तर्फ अपने चित्तवृत्तिको लगाये. नित्य नैमित्तिक कर्मोंसे कुछभी समय यदि आपको मिल जाताथा तो उसको काव्य रचनासे सफलतामें लातेथे !

महाराज श्रीके बनाये हुए काव्योंका ऋषि संप्रदाय तथा अन्य संप्रदायके बहुतसे साधु तथा आर्याजीके पास पता चलता है, परंच वे सब ग्रन्थ मुझको उपलब्ध नहीं हुए अतः उनकी नामावली नहीं दी है। सिर्फ आपके प्रशिष्य **श्री आनन्द ऋषिजी** के पास अप्रकाशित जितने ग्रन्थ हैं उनके नाम अंकित करते हैं १ श्री श्रेणिक चरित्र ढाल ८४ गाथा गणना ३२५०, २ श्री चंद्रकेवली चरित्र, ३ श्री समरादित्यकेवली चरित्र, ४ श्री सीता चरित्र, ५ धर्मबुद्धिपापबुद्धि चरित्र, ६ हंसकेशव चरित्र, ७ अर्जुनमाली चरित्र, ८ धन्नाशालिभद्र चरित्र, ९ भृगुपुरोहित चरित्र, १० हरिवंशकाव्य, ११ पंचवादी काव्य, १२ तिलोकबावनी प्रथम, १३ तिलोकबावनी द्वितीय, १४ तिलोकबावनी तृतीय अपूर्ण, १५ गजसुकुमारचरित्र १६, अमरकुमार चरित्र,१७नन्दमणिहार,चरित्र,१८वीररसप्रधान महावीर स्वामीचरित्र. ये सब ग्रंथ इस प्रकारके हैं की जिनको श्रवण करते हुए श्रोतागण आनन्द समुद्रमें मग्न हो जाते हैं. जिस व्यक्तिने कभी एकवारभी इन चरित्रोंको पढा या सुना है

यहा इसका अनुभव कर सकता है. ये ग्रन्थ प्राय शास्त्रोकेही आधारसे रचे गये हैं, ऐसा मेरा अनुमान है परन्तु इन ग्रन्थोंकी अनुपम अपूर्व रचना शैलीपर किमामा समाजका सहृदय मनुष्य मुक्तकंठसे प्रशंसा किये विना रह नही सकता है माघ काव्यमें लिखा है कि --

वर्णैं कतिपयैरेव ग्रथितस्य स्वरैरिव।
अनन्ता वाङ्मयस्याहो गेयस्यैव विचित्रता ॥ १ ॥

अर्थात्– वर्ण क ख ग घ वगैरह उतनेही रहते हैं षडज ऋषभ गान्धार आदिक स्वर सातही रहते है, परंच गानेवालोंके गानेमे फरक पड जाताहै यह गानेवालोंकी विचित्रता है. इन ग्रन्थोंके ग्रा १ प्रतिक्रमण सत्यबोध २ ज्ञानप्रदीपिक छपा हुवा है जो दक्षिण, खानदेश, बरार, निजामस्टेट वगैरह देशोंमें बहुतसे श्रावकोंके पास उपलब्ध हैं जिसकी द्वितीयावृत्ति फिर नागपूर सी०पी० में महाराज श्री तिलोक ऋषिजी के पाटवी शिष्य श्री रत्नऋषिजी महाराज के स्मारक स्वरूप 'श्री जैनधर्म प्रसारक" संस्थासे प्रकाशित हो रही है. इस प्रथमेभी महाराज श्री ने बनाये हुए जो अनेक रत्न है वे भी दर्शनीय है कुलग्रन्थ आपका बनाया हुआ प्रकाशित या अप्रकाशित आज करीब गाथा संख्या ७५ पचहत्तर हजारके उपलब्ध है, सोभी ये ग्रन्थ विक्रम संवत १९२७ के बाद जो रचे गये हैं वेही हैं, उसके पूर्वका पत्ता नही चलता है आप विहार करते हुए जिस वर्ष तथा जिस स्थानपर जो ग्रन्थ या कविता निर्माण किये है, वे सब सूक्ष्मरूपसे अध्याय ९ वेंमे दर्शाये जायगे

॥ अध्याय ॥६॥

लेखनकला

महाराजश्रीका लेखनकार्यमेंभी उत्कृष्ट प्रेमथा इसकार्यमेंभी आप उच्च शिखरपर आरूढ थे यह कहनेमे तनिकभी अत्युक्ति न होगा पूज्यपाद महाराजश्रीके हातका लिखा हुवा एक पत्र आपके प्रशिष्य अर्थात् स्वर्गीय श्री रत्न ऋषिजी महाराजके सुशिष्य श्री आनन्द ऋषिजी के पास मौजूद है जो९इच लम्बा ४इच चौडाइके विस्तारमें है उसके तीन अंशमें श्री दशवैकालिक सूत्र सम्पूर्ण लिखा हुवा है चौथे अंशमे पुच्छीसुणं मूल अर्थात श्री सुयगडांगसूत्र के प्रथम श्रुतस्कंधका छठवा अध्ययन जिसमे श्री महावीर स्वामी की स्तुति की है वह और २५६ चालाका घोकडा लिखा हुवा है यह दृश्य जिन्होंनेने प्रत्यक्ष नहीं लिया होगा, उनको लेखककी असाधता प्रतीत होनेकी सम्भावना है परंच ऐसे ५ ६ पत्र महाराजश्रीके हातके लिखे हुए अभी २ मुनिराजोंके पास सुरक्षित हैं संवत १९८१ मे कच्छ (कमागा) से श्री नागचंद्रजी स्वामी ने श्री रत्न ऋषिजी महाराज के पाससे मगाकर उनका फोटो लेकर फोटोका कई प्रतियोंके साथ उसको वापस कर दिये पूज्यपाद महाराज श्री दोनों हाथ तथा दोनों पैरसे लिख सकते थे और एक समयमें आठ अवधान आप कर सकते थे ये सब बातोंके प्रमाण भूत अबभी दाक्षिण अहमदनगर तथा पूना जिल्हेमे दो चार वृद्ध विद्यमान है

॥ अध्याय ॥ ७ ॥

चित्रकला.

पूज्यपाद महाराज श्री चित्रकलामें भी अत्यन्त प्रवीण थे. उन्होंने भगवतीजी शास्त्रानुसार कवितामय तथा गद्यमय **ज्ञानकुंजर** तैयार किये हैं. जिसमें अम्बारी सवारसहित एक वृहत् हाथीका आकार है. सूंढसे प्रारम्भकर पढते जाइये क्रमशः हाथीका सब अवयव तैयार होता जायगा और वृहत् हस्तीके आकृतिके अन्दर एक चवन्नीभर जगहमें सब अवयव सहित ६५ हाथीके आकार है, इसकाभी फोटो **श्री नागचन्द्रजी** स्वामीके पास मौजूद है. एवं चित्रमय **शीलरथ** तथा १॥ इंचके दीर्घ विस्तारमें सम्पूर्ण आनुपूर्वी इत्यादिक आपके चित्रकलाविषयक दर्शनीय अपूर्व चीजें **श्री आनन्द ऋषिजी** के पास मौजूद हैं, विशेष उल्लेखनीय आपका बनाया हुआ एक **विचित्रालंकार** नामका काव्य है, जिसमें २४ चोवीस तीर्थंकरोंकी स्तुति दोहाछंदमें की गई है. उसहीके अन्दर छत्रबन्ध, दुर्गबन्ध, नमस्कार मंत्र वगैरह अनेक चीजें निकलती हैं, जिसको देखकर बडे २ कविलोग और विद्वानलोग भी आश्चर्य चकित हो जाते हैं। उस चित्रालंकारकाव्यका परिचय निम्न लिखित प्रकारसे है।

इसीके चारों तरफसे गोमूत्रिकाबंधमे तीन तरहके **नमोकार** मंत्रके अक्षर आए हुए हैं (१) णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं, एसोपंच नमोक्कारो सव्वपावप्पणासणो॥ मंगलाणंच सव्वेसिं, पढमं हवइमंगलम्॥ यह प्रसिद्ध नमोकार मंत्र है. (२) **श्रीचंद्रप्रज्ञप्तिसूत्र** के अन्दर दी हुई गाथामेंभी नमोकार है, वह इस प्रकारहै "नमोऊण असुरसुरगुरुलभुयंगपरिवंदिए गयकिलेसे। अरिहे सिद्धायरिये उवज्झाए सव्वसाहूए" इसमेंभी पांच पद आए हैं (३) " सिद्धाणं नमो किच्चा-संजयाणंच भावओ.। इसमेंभी नमोकार मंत्र संक्षिप्तरूपमें आया है. अर्थात् सिद्ध और साधु ऐसे दो पदोंको **श्री उत्तराध्यनसूत्रके** बीसवे अध्ययनमे यह प्रथम गाथाके पूर्वार्द्धसे लिया हैं.। सारांश-- अरिहंत और सिद्ध इन दो पदोंका सिद्ध इस पदमें समावेश होता है, और आचार्य, उपाध्याय और साधु ऐसे तीन पदोंका साधु शद्बमें समावेश होता है, क्योंकि साधु बननेके बादही आचार्य, उपाध्याय पदविया योग्यता होनेपर प्राप्त होती हैं.। और इस चित्रालंकार काव्यमेंही दो चौकडिया है (१) एकमें **दान, शील, तप, भाव** यह अक्षर आए है और (२) में **नाण, दंसण, चारित्र** ऐसे अक्षर आए है.इस काव्यमें श्रीमान-**तुंगाचार्य** प्रणीत **श्री भक्तामर स्तोत्र** का २६ वां श्लोक है, वह यह "तुभ्यं नमस्त्रिभुवनार्तिहराय नाथ " वगैरह पूर्ण श्लोक है। और उसके आगे श्री दशवैकालिक सूत्रके प्रथम पहली गाथा है वह इस प्रकार है "धम्मो मंगलमुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो॥ देवाऽवि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो ॥ इति॥ इसके आगे काव्यालंकारके बीचमें ॐ नमः सिद्धेभ्यः ऐसे अक्षर निकलते है और चित्रालंकारके नीचे दोनो बाजूसे दो छत्रबन्ध है, इनमें महाराजश्रीनें संवत मिति देते हुए अपना नामभी उन अक्षरोंमें सम्मिलित किया

यहां इसका अनुभव कर सकता है। ये ग्रन्थ प्रायः शास्त्रोंके आधारसे रचे गये हैं, ऐसा मेरा अनुभव है परन्तु इन ग्रन्थोंकी अनुपम अपूर्व रचना शैलीपर किसीभी समाजका सहृदय मनुष्य मुक्तकंठसे प्रशंसा किये बिना रह नहीं सकता है। माघ काव्यमें लिखा है कि —

वर्णैः कतिपयैरेव ग्रथितस्य स्वरैरिव ।
अनन्ता वाङ्मयस्याहो गेयस्येव विचित्रता ॥ १ ॥

अर्थात् — गण स्वर गैरह इनेगिने रहते है षड्ज ऋषभ गान्धार आदिक स्वर सातही रहते हैं, परन्तु गानेवालोंके गानेमें फरक पड जाता है यह गानेवालोंकी विचित्रता है इन ग्रन्थोंमें श्री प्रतिक्रमण सत्यबोध ज्ञानग्रन्थ छपा हुवा है जो दक्षिण, खानदेश, बरार, निजामस्टेट वगैरह गांवोंमें बहुतसे श्रावकोंके पास उपलब्ध है जिसकी द्वितीयावृत्ति फिर नागपूर सी० पी० में महाराज श्री तिलोक ऋषिजी के पाटवी शिष्य श्री रत्नऋषिजी महाराज के स्मारक स्वरूप श्री जैनधर्म प्रभाकर' के नामसे प्रकाशित हो रहा है इस ग्रन्थमेंभी महाराज श्री के बनाये हुए जो अनेक रत्न हैं वे भी दर्शनीय है कुलग्रन्थ आपका बनाया हुआ प्रकाशित या अप्रकाशित आज करीब गाथा संख्या ७५ पचहत्तर हजारके उपलब्ध है, सोभी ये ग्रन्थ विक्रम संवत १९२७ के बाद जो रचे गये हैं वेही है, उसके पूर्वका पत्ता नहीं चलता है आप विहार करते हुए जिस वर्ष तथा जिस स्थानपर जो ग्रन्थ या कविता निर्माण किये है, वे सब संक्षेपरूपमें अध्याय ९ वेमें दर्शाये जायगें

॥ अध्याय ॥६॥
लेखनकला

महाराजश्रीका लेखनकलाभी उत्कृष्ट थी इस कलामेंभी आप उच्च शिखरपर आरूढ थे यह कहनेमें तनिकभी अत्युक्ति न होगा पूज्यपाद महाराजश्रीके हातका लिखा हुआ एक पत्र आपके प्रशिष्य अर्थात् स्वर्गीय श्री रत्न ऋषिजी महाराजके सुशिष्य श्री आनन्द ऋषिजी के पास मौजूद है जो९इंच लम्बा५इंच चौडाइके विस्तारमें है उसके तीन अंशमें श्री दशवैकालिक सूत्र सम्पूर्ण लिखा हुवा है चौथे अंशमें पुच्छीसुणं मूल अर्थात श्री सुयगडांगसूत्र के प्रथम श्रुतस्कन्धका छठवा अध्ययन जिसमें श्री महावीर स्वामी की स्तुति की है वह और २५६ कुगलाका कोष्टक लिखा हुआ है यह दृश्य जिनलोगोंने प्रत्यक्ष नहीं किया होगा, उनको लेखककी असत्यता प्रतीत होनेकी सम्भावना है परन्तु ऐसे ५-६ पत्र महाराजश्रीके हातके लिखे हुए अभी २ मुनिराजोंके पास सुरक्षित हैं संवत १९८१ मे कच्छ (कपाया) से श्री नागचंद्रजी स्वामी ने श्री रत्न ऋषिजी महाराज के पाससे मंगाकर उसका फोटो लेकर फोटोंकी कई प्रतियोंके साथ उसको वापस कर दिये पूज्यपाद महाराज श्री दोनों हाथ तथा दोनों पैरसे लिख सकते थे और एक समयमें आठ अवधान आप कर सकते थे ये सब बातोंके प्रमाण भूत अभी दक्षिण अहमदनगर तथा पूना जिलेमें दो चार वृद्ध विद्यमान है

॥ अध्याय ॥ ७ ॥

चित्रकला.

पूज्यपाद महाराज श्री चित्रकलामें भी अत्यन्त प्रवीण थे. उन्होंने भगवतीजी शास्त्रानुसार कवितामय तथा गद्यमय **ज्ञानकुंजर** तैयार किये है. जिसमे अम्बारी सवारसहित एक बृहत् हाथीका आकार है. सूंढसे प्रारम्भकर पढते जाइये क्रमशः हाथीका सब अवयव तैयार होता जायगा और बृहत् हस्तीके आकृतिके अन्दर एक चवन्नीभर जगहमें सब अवयव सहित ६५ हाथीके आकार है, इसकाभी फोटो **श्री नागचन्द्रजी** स्वामीके पास मौजूद है. एवं चित्रमय **शीलरथ** तथा १॥ इंचके दीर्घ विस्तारमें सम्पूर्ण आनुपूर्वी इत्यादिक आपके चित्रकलाविषयक दर्शनीय अपूर्व चीजें **श्री आनन्द ऋषिजी** के पास मौजूद हैं, विशेष उल्लेखनीय आपका बनाया हुआ एक **विचित्रालंकार** नामका काव्य है, जिसमें २४ चोवीस तीर्थंकरोंकी स्तुति दोहाछंदमें की गई है. उसहीके अन्दर छत्रबन्ध, दुर्गबन्ध, नमस्कार मंत्र वगैरह अनेक चीजें निकलती हैं, जिसको देखकर बडे २ कविलोग और विद्वानलोग भी आश्चर्य चकित हो जाते हैं। उस चित्रालंकारकाव्यका परिचय निम्न लिखित प्रकारसे है।

इसीके चारों तरफसे गोमूत्रिकाबंधमें तीन तरहके **नमोकार** मंत्रके अक्षर आए हुए हैं (१) णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं, एसोपंच नमोकारो सव्वपावप्पणासणो॥ मंगलाणंच सव्वेसिं, पढमं हवइमंगलम्॥ यह प्रसिद्ध नमोकार मंत्र है. (२) **श्रीचंद्रप्रज्ञप्तिसूत्र** के अन्दर दी हुई गाथामेंभी नमोकार है, वह इस प्रकारहै "नमंऊण असुरसुरगुरुलभुयंगपरिवंदिए गयकिलेसे। अरिहे सिद्धायरिये उवज्झाए सव्वसाहूए" इसमेंभी पांच पद आए है (३) " सिद्धाणं नमो किच्चासंजयाणंच भावओ.। इसमेंभी नमोकार मंत्र संक्षिप्तरूपमें आया है. अर्थात् सिद्ध और साधु ऐसे दो पदोंको **श्री उत्तराध्यनसूत्रके** वीसवे अध्ययनमें यह प्रथम गाथाके पूर्वार्द्धमें लिया हैं.। सारांश– अरिहंत और सिद्ध इन दो पदोंका सिद्ध इस पदमें समावेश होता है, और आचार्य, उपाध्याय और साधु ऐसे तीन पदोंका साधु शब्दमें समावेश होता है, क्योंकि साधु बननेके बादही आचार्य, उपाध्याय पदवियां योग्यता होनेपर प्राप्त होती हैं.। और इस चित्रालंकार काव्यमेंही दो चौकडिया है (१) एकमें **दान, शील, तप, भाव** यह अक्षर आए है और (२) में **नाण, दंसण, चारित्र** ऐसे अक्षर आए है.इस काव्यमें श्रीमानतुंगाचार्य प्रणीत **श्री भक्तामर स्तोत्र** का २६ वां श्लोक है, वह यह "तुभ्यं नमस्त्रिभुवनार्तिहराय नाथ" वगैरह पूर्ण श्लोक है। और उसके आगे श्री दशवैकालिक सूत्रके प्रथम अध्ययनकी पहली गाथा है वह इस प्रकार है "धम्मो मंगलमुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो॥ देवावि तं णमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो ॥ इति॥ इसके आगे काव्यालंकारके वीचमें ॐ नमः सिद्धं ॥ ऐसे अक्षर निकलते है और चित्रालंकारके नीचे दोनो बाजूसे दो छत्रबन्ध है, इनमें पूज्यपाद महाराजश्रीने संवत मिति देते हुए अपना नामभी उन अक्षरोंमें सम्मिलित किया

है, वह ऐसा "भरत उगनासे अठावीस जाण, निश्चल केवली वेण प्रमाण ॥ ऋषिपचमी विचितरि अल्यार, तिलोकरिख कहे गुरु उपकार ॥ यह चौपाई छद है इन सब चीजोंका फोटो लेकर जीवन चरित्रमें सम्मिलित करने के लिये मैंने श्री आनन्दऋषिजी महाराजसे अनुरोध किया था, परन्तु चित्रोंके फोटो टाईप करानेमें विशेष व्यय है, इस वजहसे सब चित्र प्रकाशित न हुए परन्तु जहापर आपका पदार्पण हो, वहांके व्यक्तियोंने इन सब चीजोंका अवलोकन अवश्य करना चाहिये इनके देखनेसे प्रत्यक्ष मालूम होता है कि जैन समाजमें कैसे कैसे विद्वान् महात्मा गुणीपुरुष उत्पन्न हो गये है अपनाभी क्या कर्तव्य है-गृहस्थ अथवा सयमदशामें रहकर किस तरह अमूल्य मनुष्यजीवनका सदुपयोग करना चाहिये

॥ अध्याय ॥ ८ ॥

सत समागम तथा गुणग्राहकता

पूज्यपाद महाराज श्रीके समकालीन जो अच्छे अच्छे प्रसिद्ध विद्वान् थे, उनसे वे मिलाप करते थे उन महात्माओंके पास जो कुछ ग्रहण करने योग्य विषय होता था, उसको उत्कंठापूर्वक ग्रहण करते थे, इस विषयमें आप सतोष नहीं रखते थे

वशिष्ठजीनें रामचंद्रजीसे कहा है- हे रामचद्र !

येषा गुणेष्वसतोषो, येषा राग श्रुत प्रति,

सत्यव्यसनिनो ये च, ते नरा पशवोऽपरे ॥ १ ॥

अर्थात्—जो गुण ग्रहणके विषयमें असतोष रखते हैं और शास्त्रके विषयमें प्रेम रखते है, सत्य बोलना यही व्यसन जिनके पास है वेही मनुष्य हैं, और सब पशु हैं वास्तविक ये तीनों बातें महाराजश्रीमें मौजूद थीं आप पूज्य श्री रेखराजजी महाराज तथा पूज्य श्री धर्मदासजी महाराजके सम्प्रदायके ज्ञानचन्द्रजी तथा मोघजी स्वामी और कोटा सम्प्रदायके सुप्रसिद्ध विद्वान छगनलालजी महाराज, पडितवर्य श्री फकीरचन्दजी महाराज, पूज्य श्री उदयसागरजी महाराज वगैरह मुनिराजोंसे मिलाप करके उन लोगोंके प्रेमपात्र बने थे, और भी प्रसिद्ध मुनिराजोंका मिलाप हुआ था परन्तु कब किस स्थानपर मिलाप हुआ इस विषयमें महाराज श्री का हस्त लिखित कोई प्रमाण नहीं मिलनेसे देनेमें नहीं आया

॥ अध्याय ॥ ९ ॥

चातुर्मास

अध्याय ५ में हम लिख आये हैं कि अपूर्ण १८ वर्षकी अवस्थामें श्री तिलोकऋषिजी महाराज श्री के गुरुमहाराजका वियोग हुआ उसी समयमें आप गुरुजीका सब तरहका भार सभालने लगे सुजालपुरमें पूज्यपाद श्री अयवंताऋषिजी महाराज विक्रम सवत्

१९२१ का चातुर्मास कर चुकेथे. पवित्र पुरुष अपने पद पंकज द्वारा जिस स्थानको पावन करते हैं, वही तीर्थस्थान है, अतः पूज्य श्रीने संवत् १९२२ में प्रथम चातुर्मास सुजालपुरमें किया. इस प्राथमिक चातुर्मासमें बडाही उत्साह हुआ. अनेक श्रावक तथा श्राविकाओंने द्वादश व्रतका प्रत्याख्यान वगैरह लिया. दूर दूर से बहुत लोग दर्शनार्थ आए थे. व्याख्यान श्रवण कर संतुष्ट हुए. वहींसे आपकी कीर्तिरूपी भेरीका नाद दिशाओंमें प्रतिध्वनि करने लगा. चारोंतर्फ ज्ञानरूपी पद्म परिमलका सुगंध प्रसृत हुआ, व्याख्यानमें अंतगडजी सूत्रका उपदेश होता रहा. महाराज श्रीका गुरुवियोगके बाद यह प्रथमही चातुर्मास है। चातुर्मासके बाद विहारकर **उज्जैन, खाचरोद, रतलाम** वगैरह १५ क्षेत्रोंको पावनकर **संवत् १९२३ का चातुर्मास आपने मंदसोर** में किया. व्याख्यानमें **पन्नवणा और समवायाङ्ग,ज्ञाताजी** तथा **उत्तराध्ययन**का अध्ययन हुवा. अनेक प्रकारके व्रत प्रत्याख्यानादिक भी हुए. मंदसोरमें अच्छे अच्छे शास्त्रज्ञ श्रावक थे. आपका व्याख्यान श्रवण कर उनके दिलमें संतोष पैदा हुआ कि आपके द्वारा समाजका कुछ उद्धार अवश्य होगा परंच महाराजश्रीके अपूर्व उपदेशरूपी अमृतके पान करने की इच्छा अभी शांत नहीं हुई अतः चातुर्मासके विहारके बाद फिरभी मंदसोरमेंही चातुर्मास करनेके लिये श्रावक समुदायने अत्यन्त आग्रह किया अतः **संवत् १९२४ का चातुर्मासभी आपने ठाणा ३ से मंदसोर जीवागंज** में किया।

मंदसोरसे विहारकर अनुक्रमसे रतलाम, सलाने, चितौड, अजमेर वगैरह २१ क्षेत्रोंको पावन कर केकडी पधारे। कई स्थानोंकी चातुर्मासकी प्रार्थना चल रही थी आखिर बहुमतसे कोटाकी प्रार्थना स्वीकृत हुई. **संवत् १९२५ का चातुर्मास कोटा रामपुरा** में मनोहरदासजीके नोहरेमें हुआ. व्याख्यानमें **आचाराङ्गजी का** वाचन हुवा। आपके वक्तृत्व शक्तिपर मोहित होकर श्रोतागण कमलपर भ्रमरके समान लीन रहते थे. बडेही उत्साहके साथ वहांका चातुर्मास संपन्न हुआ.

कोटासे विहार कर क्रमशः झालरापाटन, अमरकोट, सारंगपुर होते हुए फाल्गुनमें सुजालपुर पधारे. उस समय वहांके विज्ञ श्रावकोंकी हर्षकी सीमा न रही. हाथमें आये हुए चिंतामणिको हाथसे बाहर नहीं जाने देना चाहिये. ऐसा विचार कर चातुर्मासकी प्रार्थना श्रावकोंने शुरू कर दिया. यहांके श्रावकोंका धर्मानुराग प्रेम भाव पहलेहि से था, फिरभी अत्यन्त उत्कृष्ट प्रेम देखकर प्रार्थना स्वीकृत हुई **संवत् १९२६ का चातुर्मास सुजालपुरमें** बडे उत्साहके साथ हुआ धर्मोन्नतीभी अधिक हुई। व्याख्यानमें **श्री अनुत्तरोववाई, श्री सुयगडांगजी** फर्माये गये। सुजालपुरसे विहारकर क्रमशः ३७ क्षेत्रोंको पावनकर जन्म स्थान **रतलाममें** पहुंचे वहाके संघका विशेषतः आग्रह हुआ कि यह क्षेत्र अपने नामसे तथा चौतर्फ का मुख्य केन्द्र होनेसे हरदम मुनिराजोंके आवागमनसे बहुत कुछ प्रतिष्ठा प्राप्त कर लिया है और आप ऐसे नररत्नको पैदा कर अपना नामभी यथार्थ स्पष्टीकरण कर चुका है परंच उस रत्नसे लाभ उठाने का यथेष्ट अवसर यहाके निवासियोंको न मिला, अतः हम लोगोंकी प्रार्थना है कि इस वर्षके चातुर्मास की प्रार्थना स्वीकारकर श्रीसंघको अनुगृहित कीजिये

१९२१ को चातुर्मास कर चुकेथे. पवित्र पुरुष अपने पद पंकज द्वारा जिस स्थानको पावन करते हैं, वही तीर्थस्थान है, अतः पूज्य श्रीने संवत् १९२२ में प्रथम चातुर्मास सुजालपुरमें किया. इस प्राथमिक चातुर्मासमें बडाही उत्साह हुआ. अनेक श्रावक तथा श्राविकाओंने द्वादश व्रतका प्रत्याख्यान वगैरह लिया. दूर दूर से बहुत लोग दर्शनार्थ आए थे. व्याख्यान श्रवण कर संतुष्ट हुए. वहाँसे आपकी कीर्तिरूपी भेरीका नाद दिशाओंमें प्रतिध्वनि करने लगा. चारोंतर्फ ज्ञानरूपी पद्म परिमलका सुगंध प्रसृत हुआ, व्याख्यानमें अंतगडजी सूत्रका उपदेश होता रहा. महाराज श्रीका गुरुवियोगके बाद यह प्रथमही चातुर्मास है। चातुर्मासके बाद विहारकर **उज्जैन, खाचरोद, रतलाम** वगैरह १५ क्षेत्रोंको पावनकर **संवत् १९२३ का चातुर्मास आपने मंदसोर** में किया. व्याख्यानमें **पन्नवणा** और **समवायाङ्ग,ज्ञाताजी** तथा **उत्तराध्ययन**६अध्ययन हुवा. अनेक प्रकारके व्रत प्रत्याख्यानादिक भी हुए. मंदसोरमें अच्छे अच्छे शास्त्रज्ञ श्रावक थे. आपका व्याख्यान श्रवण कर उनके दिलमें संतोष पैदा हुआ कि आपके द्वारा समाजका कुछ उद्धार अवश्य होगा परंच महाराजश्रीके अपूर्व उपदेशरूपी अमृतके पान करने की इच्छा अभी शात नहीं हुई अतः चातुर्मासके विहारके बाद फिरसे मंदसोरमेंही चातुर्मास करनेके लिये श्रावक समुदायने अत्यन्त आग्रह किया अतः **संवत् १९२४ का चातुर्मासभी आपने ठाणा ३ से मंदसोर जीवागंज** में किया।

मंदसोरसे विहारकर अनुक्रमसे रतलाम, सलाने, चितौड, अजमेर वगैरह २१ क्षेत्रोंको पावन कर कोटाकी पधारे। कई स्थानोंकी चातुर्मासकी प्राथना चल रही थी आखिर बहुमतसे कोटाकी प्रार्थना स्वीकृत हुई. संवत् १९२५ का **चातुर्मास कोटा रामपुरा** में मनोहरदासजीके मंदिरमें हुआ. व्याख्यानमें **आचाराङ्गजी** का वाचन हुवा। आपके वक्तृत्व शक्तिपर मोहित होकर श्रोतागण कमलपर भ्रमरके समान लीन रहते थे. बडेही उत्साहके साथ वहांका चातुर्मास संपन्न हुआ.

महाराजश्रीने प्रार्थनास्वीकार कर लिया **संवत १९२७ का चातुर्मास बडे समारोहके साथ रतलाम** माणिकचौकमें ठाणा पांचके साथ समाप्त हुआ, व्याख्यानमें **श्री भगवतीजी** तथा **श्री अतगढजीका** वाचन हुआ।

रतलामसे विहार कर अनुक्रमसे छोटा सादडी, बडी सादडी, वगैरह २७ क्षेत्रोंको पावनकर माघ शुद्ध ९नवमी रविवारको उदेपुर प्राप्त हुए, वहांपर आपके पधारनेसे बडाही उत्साह और धर्मका प्रकाश हुआ यहांपर २०वीश रात्र निवासकर विहार करते हुए निमच, नारायणगढ, अमरावद वगैरह ३५क्षेत्रोंको पवित्र कर विक्रम संवत् १९२८ के वैशाखमें रतलाम पधारे, उसी जगह **" इन्द्र विजय छन्दोबद्ध तिलोक बावनी "** वैशाख शुक्ल नवमी शनिवारको पूर्ण किये। रतलामसे विहार कर १०दश क्षेत्रोंको पवित्रकर साजापुरमें पहुचे **संवत १९२८का चातुर्मास ठाणा ३ से साजापुर** अच्छे उत्साह पूर्वक समाप्त हुआ, उसी जगह भाद्रपद शुक्ल ५ पचमाको **चित्रालंकारकी** रचना समाप्त हुई है चित्रालंकारका पूर्ण परिचय अध्याय ७ में हम लिख चुके हैं चातुर्मासके व्याख्यानमें **श्री भगवतीजी** तथा **श्री उववाईका** उपदेश होता रहा साजापुरसे विहार-कर क्रमश देवास, इन्दौर, धार वगैरह ३८ क्षेत्रोंको पावनकर **संवत् १९२९ का चातुर्मास धरियावदमें** ठाणा ४से किया। व्याख्यानमें **स्थानाङ्ग उपासकदशाङ्ग** का उपदेश होता रहा। इस वर्षका रचा हुआ **सुदर्शन सेठका चौढालिया** श्रावणकृष्ण तृतीयाके रोज समाप्त किया हुवा **मुनि श्री माणक ऋषिजी महाराज के** पास उपलब्ध है। तथा **"अर्जुन माली मुनिका"** चौढालिया मुनि **श्री आनन्द ऋषिजी के** पास उपलब्ध है परन्तु कब और कहांपर इनको बनाया यह उल्लेख नहीं मिलता है; अनुमानत चातुर्मासमें बना होगा ऐसा कल्पना कर सकते हैं

धरियावदसे विहारकर अनुक्रमसे १७ क्षेत्रों को पावनकर वि० संवत् १९३० के वैशाख कृष्ण प्रतिपदको मदसौर पधारे, वहाके निष्ठ श्रावक वर्ग पूज्यपाद महाराजश्रीके समागममे पहले दो वर्षोंमें लाभ उठा चुके थे इस लिये फिर चातुर्मासकी प्रार्थना की प्रार्थना स्वीकृत होनेके बाद महाराजश्री अन्यत्र विहार न करने पाये। अत **सं० १९३० का चातुर्मास मदसोर में** हुआ मदसौरमें वैशाख कृष्ण १० दशमी सोमवारको **" पचवादी-काव्य"** बनाये, जिसकी रचना विद्वानोंके देखने योग्य है ज्येष्ठ कृष्ण ६ षष्ठी रविवारको **"साधुस्तोत्र"** की रचना किये आषाढ शुक्ल तृतीया शुक्रवार के रोज मदसौरमें रचा हुवा **धर्मजयकुमारकी चौपाई** महासतीजी **श्री रतनकुंवरजी** के पास उपलब्ध है. आषाढ शुक्ल तेरस सोमवारको **"रिखभदेवजिनस्तवन"** का पूर्ति किये इसके बाद संवत १९३० के रचे हुए (१) **"अरिहंतजिन स्तवन छंद"** (२) **"अतीत अनागत वर्तमान चौविश जिन स्तवन"** ये दो स्तोत्र प्रकाशित उपलब्ध है परन्तु इनके रचनेका स्थान और कालका उल्लेख नहीं है, साहचर्यसे येभी मदसौरमें रचे गये होंगे ऐसा हो सकता है।

संवत १९३१ तथा १९३२ का चातुमास साजापुरमें हुवा ऐसा महाराज-

श्रीके लेखसे प्रमाण मिलता है परंच इन दो वर्षोंमें कितने क्षेत्रोंमें आपने विहार किया और किस किस शास्त्रोंका उपदेश हुआ इसका कुछ उल्लेख नहीं मिलता है नतो संवत् १९३१ के रचित ग्रन्थोंका पता है. सिर्फ संवत १९३२ के ज्येष्ट कृष्ण द्वितीया शनिवार सिद्धियोगमें **"भय भंजन अरिहंत स्तवन"** साजापुरमें रचित उपलब्ध है। भाद्रपद शुक्ल तेरस सोमवार के रोज **नेमिचरित्रकी** रचना समाप्त किए. तथा (२) **"भ्रमभंजनकुमति चपेटिका" (उपनाम प्रश्नोत्तरयुक्त चर्चामाला)** यह ग्रंथभी प्रकाशित है परंच स्थान समयका उल्लेख नहीं है.

संवत १९३२ के चातुर्मासके बाद साजापुरसे विहार कर इन्दौर, उज्जैन वगैरह ८ क्षेत्रोंमें भ्रमणकर संवत १९३३ का चातुर्मास सुजालपुरमें किये, उस वर्षमें भी कोई विशेष उल्लेख नहीं मिलता है. सिर्फ श्रावण शुक्ल १४ शुक्रवार श्रवण नक्षत्र प्रीतियोग वबकरण मकरचंद्रमें स्थान मालवा सुजालपुरमें **'सीता चरित्र'** को किया. यह ग्रंथ अप्रकाशित उपलब्ध है.

चातुर्मासके अनन्तर सुजालपुरसे विहारकर देवास इन्दौर होते हुए मार्गशीर्षमें रतलाम पधारे वहां मार्गशीर्ष वदि १० दशमीको **श्री भवानीऋषिजीकी** दीक्षा हुई ७ वें रोज बडी दीक्षा हुई. वहांसें विहारकर फाल्गुनी पूर्णिमा जावरामें किये. तत्पश्चात् १० दश क्षेत्रोंको पवित्रकर **संवत १९३४ का चातुर्मास रतलाममें** किये. व्याख्यानमें **जम्बूद्वीप पनन्ती, श्रीअंतगढ,निरियावलीका** उपदेश होता रहा.इस वर्षका रचित **'आचार्य स्तोत्र'** उपलब्ध है, जो वैशाख शुक्ल पूर्णिमा सोमवार को बनाया उसमे स्थानका उल्लेख नहीं है.

रतलामसे विहारकर ३१ क्षेत्रोंको पावन कर फाल्गुन कृष्ण २ को प्रतापगढ पधारे १० दश रात्र निवासकर तदनंतर मम्मटखेडामे पधारे, वहां चैत्र शुक्ल १२ रविवार को **श्री प्याराऋषिजी की** दीक्षा हुई, वहींसे जावरावाले श्रावकोंकी चातुर्मासकी प्रार्थना शुरू हुई व प्रार्थना स्वीकृत हुई. वहांसे विहार कर २२ क्षेत्रोंको पावन किए और ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया रविवार के दिन **" कृष्णजी को ब्यावलो "** नामक ग्रंथ की रचना किए, बाद चातुर्मासके लिए जावरे पधारे.

संवत १९३५ का चातुर्मास बडे **उत्साहपूर्वक जावरेमें** समाप्त हुआ. उसी समय देश दक्षिण ग्राम घोडनदी जिल्हा पूनासे सुश्रावक गंभीरमलजी लोढा मालवामें मुनिराजोंके दर्शनार्थ पधारेथे, उस समय दक्षिण देशमें मुनिराजोंका संचार बहुतही कम था. अर्थात् प्रायः मुनिराजोंसे एकान्त शून्य था. अंतः गंभीरमलजी लोढाने कोटा सम्प्रदायके सुप्रसिद्ध विद्वान् **श्री छगनलालजी महाराजसे** दक्षिण देशमे विहार करनेकी प्रार्थना की परंच आपने स्वीकार नहीं किया. फिर वहांसे जावरा **पुज्यपाद श्री तिलोकऋषिजी महाराज** के चरणोंमें अपनी अर्ज सुनाए. विशेष उपकार समझकर **महाराजश्रीने** प्रार्थनास्वीकार कर लिया. चातुर्मास खतम होतेही आपने **श्री प्यारा ऋषिजी** तथा **श्री-कंचन ऋषिजी** ठाणे ३से दक्षिणके तर्फ पदार्पण किया. मार्गशीर्ष १५ को धारमें पधारे. वहां ८दिवस निवासकर विहार करते हुए इन्दोर, खंडवा, होते हुए बऱ्हानपूर पधारे. वहा

आसपासके ग्रामोंमें दिगम्बर सम्प्रदाय का एक तारण तारण स्वामीका एक मत चलता है उसको माननेवाले एक वाणिक वणिक है ये केवल शास्त्रोंको मानते हैं और पूजते हैं उपदेश श्रवण करनेसे बहुत लोगों को साधुमार्गी बनाये वहांसे आगे चलकर फैजपुर पधारे वहा आपने श्रीभूराजीको दिक्षा दी, इनको सती शिरोमणी श्रीहीराजीके निश्रायमें देकर बहाम मुसारक, जन्माष्ट हाते हुए सवत् १०३५ चैत्र वदि नवमी को घोडनदीको अपने चरण रजोंसे पवित्र किया

संवत् १०३६ की दिनचर्या

दक्षिण देशमें उस समय धर्मका नामा न रहा उस समयके ४ ५ चार पाच वर्षोंसे मेरी मुलाखात हुई है उनके मुखसे उस समयका उत्साह सुननेका योग है बहुत दूर दूरके श्रावक घोडनदीमे महाराज श्रीके दर्शनार्थ आए, और सब लोग अपने तर्फ विहार करानेके कोशीसमें लगे, परन्तु अहमदनगरके श्रावकोंने अपने कार्यमें सफलता दिखाई १८ अठारह रात्र घोडनदीमें रहकर बाद अहमदनगरके तर्फ विहार किया अहमदनगरमें उस समय समाज विख्यात दृढधर्मी रंभाबाई विराजमान था श्री तिलोक ऋषिजी महाराज नगरमें पधार गये, यह शब्द जिस व्यक्तिने प्रथम सुनाया उसको बाईने सुवर्णका कंकण बाईजीने प्रदान किया, यह बात वहांके वृद्धोंद्वारा सुनी गई है अहमदनगरमें बहोहो उत्साह मनाया गया २१ एकविश रात्र महाराज वहां विराजमान थे चातुर्मासकी प्रार्थना शुरु हुई परन्तु घोडनदी वाले सुश्रावक गंभीरमलजी लालचंदजीने सुनारकर अग्रिम वर्षके लिये कुछ छाया देकर विहार कर गये नगरसे विहार करनेके बाद ३६ क्षेत्रोंको पावनकर आषाढ वदि १४ को घोडनदीमें पधारे

उसके पश्चात संसार पक्षकी महाराज श्री का जेठा बहिन सती शिरोमणी श्री हीराजी ने मालवासे विहार करते हुए ठाणा ३ से घोडनदीमें पधारे, उस समय आप लोगोंके उपदेशसे दक्षिण देशका पुनरुद्धार हुआ, ऐसा सुना जाता है बहुतसे पुण्यात्मा व्यक्तिओंने अपने मनुष्य जीवनकी सफलता प्राप्त कर ली आषाढ शुक्ल ९ नवमी शनिवारको एक समयमें चार दीक्षा हुई, पिता और पुत्र श्रीस्वरूपऋषिजी तथा श्रीरत्नऋषिजी महाराज ये दोनों व्यक्ति श्री तिलोकऋषिजी महाराजके शिष्य हुए इन लोगोंके वैराग्य का कारण तथा कर्तव्य श्री रत्न ऋषिजी महाराजके जीवन चरित्रमें वर्णित है एवं माता पुत्री श्री चंपाजी तथा श्री रामकुंवरजी सती शिरोमणी आर्याजी श्री हीराजीकी शिष्या हुई इस तरह ठाणा ७ का चातुर्मास संवत १९३६ का बडे आनन्द पूर्वक घोडनदी में समाप्त हुआ वहींपर चातुर्मासमें " ११ ग्यारह गणधरकी प्रथम स्वाध्याय " नामकी कविताकी रचना की व्याख्यानमें समवायाङ्गजीका उपदेश होता रहा चातुर्मासके बाद मार्गशीर्ष कृष्ण १३ गुरुवारको आर्याजी श्रीरंभाजीकी दीक्षा हुई मार्गशीर्ष शुक्ल ५ पंचमी शुक्रवारको विहारकर स्थान परिवर्तन किये फिर पौष शुक्ल ६ षष्ठी शनिवारको श्रीगोकुलजीकी दीक्षा हुई, पौष शुक्ल १२ द्वादशीको विहार किये विहार करते हुए आंबोरी पधारे, वहां

माघ वदि १ प्रतिपद बुधवारको **श्रीछोटाजीकी** दीक्षा हुई. वहांसे विहार करके सोनई पधारे वहां " **एषणासमिति** " नामक ग्रन्थकी समाप्ति किये–यद्यपि उस ग्रंथमें तिथिका उल्लेख नहीं है तथापि विहारक्रमसे पता चलता है कि माघ कृष्ण ५ पंचमी शनिवारको समाप्ति की गई है. वहासे विहारकर फाल्गुन कृष्ण में सांईखेडा पधारे वहीं फाल्गुन कृष्ण १० दशमी शनिवारमें " **भोलपछत्तिशी** " नामक ग्रन्थ बनाया. वहांसे विहारकर १५ क्षेत्रोंको पावनकर नाशिक, गंगानदी त्र्यम्बकदरवाजा सरावगींके उपासरेमें ३ तीन रात्र रहकर वसंत–पिंपलगांव पधारे, वहां फाल्गुन शुक्ल चतुर्थीको " **अमरकुमार चरित्र** नामका काव्य समाप्त किया. वहांसे विहारकर संवत् १९३६ के चैत्र वदि ३ को फिर सांइखेडा पधारे. संवत् १९३६ का रचा हुआ ग्रंथ " **गजसुकुमारकी लावनी** नामका उपलब्ध है, परंच उसके रचनामें तिथी और स्थानका उल्लेख नहीं है.

संवत १९३७ की दिन चर्या और चातुर्मास.

चैत्रवदि ३ तृतियाको सांइखेडा पधारे, चैत्रवदि १३ बुधवारको आर्याजी **श्री नन्दूजीकी** दीक्षा हुई. वैशाख वदि १ प्रतिपदको वहांसे विहारकर २१ क्षेत्रोंको पावनकर खानके हिंवडा पधारे, वहां ६ छे रात्र विराजमान थे, वहांपर वैशाख कृष्ण १३ तेरसको **'विनय आराधनाका चौढालिया'** तयार किया और वैशाख शुक्ल ३ तृतियाको **"उपदेशी लावनी"** की रचना की, वहांसे विहार कर वैशाख शुक्ल ८ मी को अहमदनगर पधारे, वहांके सुश्रावक वर्ग महाराज श्रीके दक्षिण देशमें आगमन कालसेही चातुर्मासके लिये लालायित थे. संवत १९३७ का चातुर्मास बडे समारोहके साथ अहमदनगरमें समाप्त हुआ. बहुत दूर २ से श्रावक वर्ग महाराज श्रीके व्याख्यान तथा दर्शनका लाभ लेने आएथे व्याख्यान में **श्री आचारंगजी, सुयगडांगजी** का उपदेश होता रहा, चातुर्मासमें आपने भाद्रपद कृष्ण १४ चतुर्दशी शुक्रवार शिवयोगमें **"वर्द्धमान दर्शाटन"** नामक काव्य बनाया है. आश्विन कृष्ण चतुर्थी बुधवार भरणी नक्षत्र हर्षण योग नवी पेठ धर्म स्थानकमें **'श्रीचन्द्रकेवली चरित्र'** की रचना समाप्त की है, ढाल ६७गाथा संख्या ४५०० में यह ग्रंथ है. और आश्विन कृष्ण १४ चतुर्दशी बुधवारको **"द्वितीय चौविश जिन स्तवन"** की रचना समाप्त हुई है. आश्विन शुक्ल द्वितीया बुधवारको " **वीश विहरमानोंकेस्तवन** ' अलग अलग बनाये हैं, आश्विन शुक्ल १० विजय दशमीके रोज **"पंच परमेष्ठी स्तवन"** को तथा **"वीररस प्रधान श्री महावीर स्वामीका पंचढालिया"** की रचना हुई है, कार्तिक कृष्ण ३० दीपमालिकाके रोज **"वर्द्धमान स्वामीका चौढालिया."** की रचना हुई है, तदनंतर मार्गशीर्ष कृष्ण२ गुरुवारको विहारकर अहमदनगर धर्मशालामें रात्रभर विराजमानथे, वहांसे विहारकर पारनेर अलकुटी वगैरेह २३ क्षेत्रोंको पावनकर घोडनदी पधारे वहां मार्गशीर्ष शुक्ल११ को **"ज्ञान-कुंजर** तैयार किये जिसका वर्णन अध्याय ७ में वार आये हैं, वहांसे विहारकर पौष शुक्लमें श्रीगोंदा जिल्हा अहमदनगरमें पदार्पण किये, वहां पौष शुक्ल अष्टमी शुक्रवारको " **जीव**

रक्षा उपदेश लावणी " तथा "श्रावक उपर लावणी" ये दोनों पद्योंको बनाया, वहासे विहारकर चिचोंडा पधारे, वहां माघ वदि अष्टमी को "मुनि गुण मगल माला" की रचना किये और वहा १४ रात्र विराजमानथे, वहासे विहारकर माघ शुक्लमें करमाळा पधारे वहा माघ शुक्ल सप्तमी भौमवारको "श्रावक छत्तिशी" की रचना की और माघ शुक्ल तेरसको "नरक दु ख वर्णन" की रचना किये, वहा ६ठे रात्र निवासकरके मिरजगांव पधारे वहा फाल्गुन कृष्ण २द्वितीया बुधवारको "अध्यात्मफाग स्वाध्याय" तैयार किये वहासे विहारकर कडा पधारे, वहापर फाल्गुण कृष्ण एकादशीको "सोलह स्वप्नकी लावणी की रचना किये। वहासे विहारकर फाल्गुण शुक्ल ७मी को नगरमें पधारे, फाल्गुना पूर्णिमा को ४७ वा लोच अहमदनगरमें हुआ संवत १९३७ के सालमे बने हुए "पुण्य आश्चर्य लावणी" तथा "धन आश्चर्य पद" भी उपलब्ध हैं, परन्तु स्थान और तिथी का पता नहीं है

सवत १९३८ की दिनचर्या और चातुर्मास

अहमदनगरमे विराजते हुए चैत्र कृष्ण ७ सप्तमी को 'शील सप्तमी स्वाध्याय' की रचना किये, तदनंतर चैत्र शुक्ल पचमी रविवारको नगर स्थानकसे विहारकर सिद्धेश्वर (सिद्धि) बागमे रात्रनिवास किये उसी रोज ' अध्यात्मबाग स्वाध्याय" का रचना किये वहांसे विहारकर आंबोरी पधारे वहां दश रात्र निवास किये चैत्र शुक्ल ११ सोमवारको "कालकी लावणी" की रचना की चैत्र शुद्ध पूर्णिमाको 'सातवार अध्यात्म स्वाध्याय' [२] पन्द्रहतिथी अध्यात्म स्वाध्याय" [३] बारहमास अध्यात्म स्वाध्याय" [४] " अध्यात्म गिनगौर " इतने काव्य आंबोरीमें रचाये हैं आंबोरीसे विहारकर मिरी पधारे वहा वैशाख शुक्ल तृतीयाको" अक्षयतृतीया अध्यात्म स्वाध्याय" का रचना किये वैशाख शुक्ल ६को "करमपचीशी" का लावणी रचे और वैशाख शुक्ल १२ बुधवारको " ककां बत्तीशी लावणी " का रचना किये वहासे विहारकर देवटाकली पधारे वहां ज्येष्ठ कृष्ण तृतीया सोमवारको (१) " पंच आराकी लावणी " (२) " कालकी लावनी " ये दो काव्योंका रचना किये वहासे विहारकर क्रमश क्षेत्रोंको पावन करते हुए रस्तापूर पधारे वहा " उपदेश आश्चर्य पदकी " रचना ज्येष्ठ शुक्ल ६ षष्ठी को हुई है वहांसे खरडा पधारे वहा जेष्ठ शुक्ल ७ सप्तमी को "उपदेश छत्तीशीकी पूर्ति किये इस तरह विहार क्रमसे ६९ ग्रामोंको पवित्रकर ज्येष्ठ शुक्ल ११ को अहमदनगरमें पदार्पण किये वहा आषाढ कृष्ण १प्रतिपदाको श्री लक्ष्मीजी [लछमाजी] का दीक्षा हुई ७ वें रोज बडी दीक्षा हुई आषाढ शुक्ल नवमाको विहारकर ठाणा ५ से आंबोरी चातुर्मासके लिये पधारे ठाणा १० दशासे श्री आर्याजी श्री हीराजीका आगमन हुआ इसतरह ठाणा १५ पंचदशका चातुर्मास सवत १९३८ का आंबोरीमें सपन्न हुआ वहा पर्युषण पर्वमें "पर्युषणपर्व अध्यात्म स्वाध्याय" का रचना किये और भाद्रपद शुक्ल ११ को शीलारथ " का रचना किये, जिसका वर्णन अध्याय ७ में दिया है चात-

मासमें आश्विन शुक्ल १० विजय दशमी के रोज [१] "**चौविश जिनस्तवन**"[२] **अध्यात्म दशहरापर्व स्वाध्याय**" ऐसे ऐसे काव्योंकी रचना समाप्त किये, कार्तिक कृष्ण तेरस को '१ **धन तेरस अध्यात्म स्वाध्याय**' १४ चतुर्दशीको २'**रूपचतुर्दशी अध्यात्म स्वाध्याय**"अमावस्याको ३ "**दीपमालिका अध्यात्म स्वाध्याय**" की रचना हुई. आंबोरीमें रचा हुआ चार प्रकारका "**११ गणधरका स्वाध्याय**" मिलता है, परंच तिथिका उल्लेख नही है. अनुमानतः चातुर्मासमें बने होंगे. चातुर्मासके बाद मार्गशीर्ष वदि २ द्वितीयाको विहार कर बीचमें डुंगरगण, पिपलगांवमें दो रात्र बिताकर अहमदनगर पधारे. वहां १५ पन्द्रह रात्र विराजमान थे. वहांसे विहारकर मार्गशीर्ष शुक्ल ४ चतुर्थी शुक्रवारको केडगांव पधारे. मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमीको **श्री 'गौतम स्वामीके रास'** को बनाया. विहारक्रमसे कामलगांव मे बना होगा. तदनन्तर अनुक्रमशः विहारकर आवलकुटीमें पधारे, वहां पौष शुक्ल १२ द्वादशीको **श्री झमकूजी आर्याजीकी** दीक्षा हुई. ७ वें रोज बडी दीक्षा हुई. वहां १६ रात्र विराजमान थे. उन दिनोंमें माघ कृष्ण ३ तृतीया शनिवारको "२८ प्रकारके **चौविश जिन स्तवन**" की रचना की, ४ चतुर्थी रविवारको "**तीन प्रकारका उपदेशी फटका**"" **आठ प्रकारका चौविश जिन स्तवन** " की समाप्ति किये. माघवदि ५ को आंवलकुटी से विहार करते हुए अहमदनगर पधारे. २० वीस रात्र विराजमान थे वहां माघ शुक्ल पंचमींको "**वसंत पञ्चमी अध्यात्म स्वाध्याय**" की रचना किये. फाल्गुन कृष्ण ७ सप्तमीको नगर से विहारकर प्रवरासंगम, जालना, औरङ्गाबाद वगैरह ३२ क्षेत्रोंको पावनकर संवत १९३८ चैत्र शुक्ल १० को आंबोरी पधारे. एकादशी सोमवारको आंबोरीमें "**धन्नाजीकी लावणी**" की रचना किये. वहांसे विहारकर चैत्र शुक्ल १२ द्वादशी शुक्रवारको फिर अहमदनगर पधारे.

संवत १९३९ की दिनचर्या और मास.

नगरमें ४४ चौवालिस दिन विराजमान थे, वहां वैशाख शुक्ल १४ चतुर्दशी मंगलवारको '**हंस केशव**' चरित्रकी रचना किये. और ज्येष्ट कृष्ण चतुर्थी रविवारको '**धर्मबुद्धि पापबुद्धि**' चरित्र की रचना समाप्त किये. तत्पश्चात् जेष्ट वदी ९ नवमी गुरुवारको '**हरियाजी और अमृताजी**' की दीक्षा हुई. ज्येष्ठ वदी १२ रविवारको नगरसे विहार कर गये. कई क्षेत्रोंको पवित्रकर घोडनदी पधारे. जेष्ट शुक्ल २ द्वितीयाको '**खंदकमुनिका चौढालिया**' समाप्त किये. वहांसे विहारकर कई क्षेत्रोंको पावनकर पूना पधारे. वहां ७ रोज विराजमान थे. वहींपर नानापेठमें आषाढ कृष्ण १ प्रतिपद को '**मेतारजमुनिका चौढालिया**, तैयार किये. और आषाढ कृष्ण ४ चतुर्थीको '**तेरहकाठियाकी स्वाध्याय**' की रचना किये, पुनासे विहारकर १७ग्रामोंमें विचरकर आषाढ शुक्ल ११ एकादशी को घोडनदीमें पधारे. शिष्याओंके साथ सती शिरोमणी **श्री हीराजी** का भी शुभागमन हुआ, ठाणा १८ से संवत १९३९ का चातुर्मास घोडनदीमें बडेही उत्साहपूर्वक समाप्त हुआ. व्याख्यानमें **श्रीसुयगडांग सूत्र,श्रीचंद्रकेवलीका रास** का उपदेश होता रहा,भाद्रपद शुक्ल १० को आर्याजी **श्रीलछमाजी** का संथारा ४॥पहरका हुआ, और वहीं आश्विन शुक्ल प्रतिपद शुक्रवार

अमृत वेला तुला लग्नमें 'श्री श्रेणिक चरित्र" का समाप्ति किये मार्गशीर्ष वदि ५ पञ्चमी बुधवार को रंगुजीकी दीक्षा हुई पष्ठीको घोटनदीसे विहारकर रात्रमर मन्दिरमें निवास किया, वहासे विहारकर कइएक क्षेत्रोंको पावनकर सतारा शहरमे पदार्पण किये, वहा भवानी पठमें १३ रात्र निवास किये, जहाँपर मार्गशीर्ष शुक्ल ८ अष्टमी सोमवारको २ प्रकारका "उपदेश स्तवन पद" और मार्गशीर्ष शुक्ल ११ एकादशीको "उपदेश फटका" का रचना किये तथा पौष कृष्ण तृतीया बुधवारको "आनन्द श्रावक का चौढालिया" और चतुर्थी गुरुवारको "कामदेव श्रावकका चौढालिया" का रचना समाप्त किये और पौष शुक्ल ५ पञ्चमी शनिवारको "मृगुपुरोहितका पचढालिया" तैयार किये वहासे विहारकर ७ क्षेत्रोंको पवित्रकर पूना पधारे, वहा पौष शुक्ल पञ्चमीको "द्वीप मालिका द्वितीय अध्यात्म स्वाध्याय" की रचना किये दश रात्र पूनामें विराजमान होकर सेल पिपलगाव पधारे, वहा पौष शुद्ध अष्टमीको 'श्री सुधर्मा स्वामीकी स्वाध्याय' का रचना किये, १३ रात्र वहा विराजमान थे वहा श्री कंचन ऋषिजी का दीक्षा माघ शुक्ल पञ्चमीको हुई वहासे विहारकर क्रमश क्षेत्रोंको पावन करते हुए मचरमें पधारे वहा माघ शुक्ल १३ तेरसको 'कर्म विपाक मालाकी रचना किये मचरसे विहारकर फाल्गुन शुक्ल ६ को अहमदनगरमें पधारे उसी रोज 'चौदह नियम स्वाध्याय की रचना किये

संवत् १९४० की दिन चर्या और चातुर्मास

अहमदनगरमें विराजते हुए चैत्र शुक्ल २ द्वितीया सोमवारमें श्री दशवैकालिक सूत्रके दश अध्ययन का कवितामय भाषांतर तथा तृतीयाको 'शालिभद्र चरित्र की रचना सम्पूर्ण किये । अप्रकाशित 'समरादित्य केवली चरित्र' बड़ा ग्रन्थ है, यह चैत्र शुक्ल १ प्रतिपदमें प्रारम्भकर आषाढ शुक्ल पञ्चमी चन्द्रवार पू फाल्गुना नक्षत्र वरिदान योग अमृत-वेलामे आम्बोरामें समाप्त हुआ मिलता है परञ्च संवत् का ठीक पता नहीं है सं १९४० में इस समयपर पूज्यपादका विराजना उनके दिनचर्यासे साबित होता है, अत मालुम पड़ता है कि उनका अन्तिम काव्य यही है बस इतने ही दिनका दिनचर्या तथा निर्माण किये हुए ग्रंथ मिलते हैं बादका कुछ पता नहीं है स्वर्गीय गुरुवर्य श्री रत्नऋषिजी महाराज के मुखारविंदसे ऐसा श्रवण गोचर हुवा है कि संवत् १९४० का चातुर्मास अहमदनगरमें करनेके लिए आम्बोरासे विहार करनेका निश्चय कर रात्रिमें शयन कर गये, रात्रिके चतुर्थयाममें आपने स्वप्न देखा कि मैं पहाडके उपरी भागसे नीचे गिर पडा हू महाराजश्रीकी नींद टूट गई उठकर ध्यान स्वाध्याय, प्रतिक्रमण पूर्ण किये विहार करनेके लिये कमर बांध स्थानकसे बाहर हुए, उस समय कोयलेकी टोपला दिखपडी आगे चलनेपर सन्मुख महिष आ रहा है. ये सब अप-शकुनको देखकर महाराजश्रीने नजदीक ही एक बगीचेमें रात्रभर निवास किया पञ्चमीको ठाणा पांचसे डोंगरगण पधारे, षष्ठीको पिंपलगाव पधारे, वहा एक वृक्षके नीचे ध्यान

अब इस अश्रुपातसे होनाही क्या है ? उस पवित्रात्मा की मूर्ति अदृश्य हो गई, इस संसार में उनका पाञ्चभौतिक शरीर आज न रहा, संसारकी घटना अद्भुत है. सुख, दुःख, हर्ष,

शोक क्षण २ पर बदलते रहते हैं, दाक्षिण देशके श्रावकोंका दिव्य नेत्रपटल खुलगया, वे लोग शाश्वत यश शरीरके दर्शनार्थ उठ खडे हुये, सब लोग यह निर्णय किये कि जब पूज्यपाद बिराजमान थे, उस समय अपने २ पुण्य के अनुसार हम लोग लाभ ले चुके, अब उनका यश शरीर विद्यमान है, अति बल पूर्वक उसका रक्षा करना समाजका कर्तव्य है। ऐसा विचारकर पूज्यपादके रचे हुए कविताओं का संग्रह करने लगे जहांतक उन लोगों को उपलब्ध हुआ उसको प्रकाशित किये और उसके प्रस्तावना में जाहिर किये कि अभी बहुत से भाइयोंके पास महाराज श्री के रचेहुए विषयोंका पता चलता है, वे भाई कृपाकर उन विषयोंको हमारे पास भेजदेवें ताकी सर्व साधारण उसका लाभ ले सके, परन्तु कौन सुनता है. जो जिसके पास रहा वह वहीं गुप्त रहगया **श्रेणिक चरित्र वगैरह १९ ग्रंथ तो मुनि श्री आनंद ऋषिजी** के पास है, जिनको प्रकाशित करने के लिये आजतक विमर्श दोलारूढ है। पूज्यपादके विषयमें यह खास जानने योग्य बात है कि, दाक्षिण देशमें आपने फिरसे **स्थानकवासी जैन सम्प्रदाय** की स्थापना की यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा, कि यदि महाराज श्री का पदार्पण न हुआ होता तो कितनेक जगह श्रावकोंको आज **मुखवस्त्रिका** बांधना भूल गया होता।

उपसंहार

प्रियसज्जन पाठकवृन्द! प्रात स्मरणीय पूज्यपाद **श्री तिलोक ऋषिजी महाराज** की अलौकिक उपरोक्त गुण सम्पत्ति यथामति यथाशक्ति तथा जितने प्रमाण उपलब्ध हुए तदनुसार लिखा गया है. नहीं तो समाज विख्यात ऐसे प्रधान पुरुषके गुणोंका वर्णन कवीश्वरों द्वारा जितना कियाजाय उतना थोडाही है। अब उपसंहार रूपमें महाराज श्री के गुणसमुद्रसे सार खींचकर आपलोगों के सामने उपस्थित करता हू।

सद्गुणगणालंकृत **श्री तिलोक ऋषिजी महाराज** ३६ वर्ष २९ दिनके अवस्थामें इस पाञ्चभौतिक शरीरको त्याग किये, जिसमें २५ वर्ष ६माह १दिनका संयम पालन कर इस अल्प कालमेंही चन्द्रवत् मिथ्यात्वरूपी अंधकार का नाशकर जैन दर्शनाभिलाषी भव्य पुरुषों को कुमुदवत विकास करने के लिये शास्त्रानुसार साठ सत्तर हजार गाथाका संख्यामें बडे बडे ग्रंथों को रचकर जैन समाजके ऊपर उपकारोंका कतार बोझ दिया है।

स्वभाव

महाराज साहब का स्वभाव चन्द्रमा समान शीतल, समुद्र समान गम्भीरथा, आबालब्रह्मचर्य, मितमित भाषण, अपूर्व कवित्वशक्ति, वाक्यचातुर्य समयसूचक था जैन शास्त्र तथा पर शास्त्र गामित्व वगैरह अनेकगुण आपमें अधिक प्रशंसनीय थे।

चारित्रशुद्धि.

महाराज श्री का चारित्र इतना शुद्ध था कि उसका वर्णन उस तत्व के वेत्ताही पुरुष कर सक्ते हैं. परपक्षीय लोगभी आजतक मुक्त कंठसे उनकी प्रशंसा करते हैं, यह उनके चारित्र शुद्धिका ही सबूत है, क्योंकि चारित्रहीन पुरुषका गुण समूह धूलिमें मिल जाता है, प्राणीमात्र में विशेषत: साधु पुरुषोंका चारित्र ही एक अमूल्य रत्न है उसीके रक्षासे वह विश्वपर अपनी सत्ता जमा सकता है।

वाग्मिता.

पूज्यपादकी वाणी जो निकलती थी, वह अक्षरश: सनातन जैन धर्मके अनुकूलही निकलती थी, आपके प्राय: हर एक वाक्यमें हित शिक्षा का भाव पूर्ण भरा हुआ निकलता था, यहांतककी दक्षिण देशके कुछ गावोंका नाम एक सवैयामें आपने लिखाहै उसमें व्यवहारिक तथा अध्यात्मिक उपदेश इतना उच्च कोटिका भरा हुआ है कि शायद कहीं दुसरे कवियोंके मुखसे ये भाव निकले हों, और जिन्होंने ऐसे उत्कृष्ट कवियों के काव्योंका परिशीलन किया होगा वेही इसके अन्तरङ्ग भावको पा सकते हैं. देखिये पूज्यपाद महाराज विरचित सत्यबोध नामक बडी पुस्तक के पृष्ठ २२३ में अमदानगर पाइ इत्यादि।

निर्ममत्व.

महाराज श्री इतने बड़े प्रधान पुरुष होकर भी ऐसे विनम्र भावसे रहते थे कि जिसकी हद है, अहंकार उनके पास स्थानही नहीं पाया, ऐसे उच्च आदर्श कवि होते हुए भी अपने काव्योंमें **"मिच्छामि दुकडं"** शब्द देते गये हैं।

ज्ञानबल तथा शा ज्ञान.

पूज्यपादका ज्ञानबल भी बहुत प्रबलथा वृद्ध लोग कहते हैं कि यदि महाराज श्री के सामने कोई किसी प्रकारका प्रश्न करताथा तो उनका उत्तर अनेक शास्त्रोंके प्रमाण द्वारा प्रश्नकर्ताके हृदयको आल्हादित कर देते थे। बहुतसे व्यक्तियो में यह देखा जाता है कि पृच्छक के प्रश्नों को सुनकर आवेश में आजाते हैं परन्त्र पूज्यपाद के सामने जिज्ञासु या भुतश्रोत वा परीक्षक तथा अन्य किसी प्रकार से जो प्रश्न करते थे, उन सब लोगोंको प्रेम भावसे उत्तर देते थे, प्राणी मात्रमें यह गुण अनुकरणीय है। बस पूज्यपाद के चरित्र विषयिणी लेखनी को यहीं विश्राम देताहूं, कारण कि पूज्यपाद के काव्यों द्वारा तथा तत्कालीन वृद्धों द्वारा उनके जीवनमें पद पद पर रहस्य प्रगट होता है उन सब बातोंको लिखनेके लिये मेरी शक्ति नहीं है, दुसरा यह कि जो विशेषज्ञ हैं, उनसे कोई बात छिपी नहीं है और जो उनसे अपरिचित हैं वे लेखक के साथ साथ पूज्यपाद के विषयमें भी सन्देह करेंगे, अत: प्रेम भावसे प्रार्थना है कि गुण ग्राही सज्जन आदर पूर्वक इसको पठन तथा पूज्यपाद के गुणोंका अनुकरण कर इस परिश्रमका सदुपयोग करेंगे।

ॐ शांति: ! शाति: !! शाति: !!!

अथ श्री तिलोकाष्टकम्

सवित्री नानू माँ जननवसती रत्ननगरी,
दुलाचन्दस्तात प्रवरगुणवान्यस्य विदित ॥
कलेनर्थीयुक्तो व्रतनियमनिर्वोमितमलो,
गुणै शुभ्रैर्धन्यो जयतु स तिलोको मुनिवर ॥१॥

भावार्थ–रत्नलाम नगरी मे माता नानू बाई प्रसिद्ध गुणवान् पिता दुलीचन्दजी सुराणा के यहां उत्पन्न होकर श्रेष्ठ कगावोमे युक्त तथा व्रत नियमोंसे मलों को हटानेवाले उज्वल गुणों से युक्त प्रवित्रात्मा श्री तिलोक ऋषिजी महाराज अपने यश शरीरसे सर्वोत्कृष्ट विराजित होवें ॥ १ ॥

महद्दिव्य ज्ञान समधिगतमेतेनतपसा,
कथ स्वल्पे काले तदिह विदुषा मोहजननम् ॥
पर यद् ग्रन्थौघ विरचयति तान्मोहविगतान्,
गुणै शुभ्रैर्धन्यो जयतु स तिलोको मुनिवर ॥ २ ॥

भावार्थ– तपोबल से थोडेहा काल में जो आपने दिव्यज्ञान उपार्जन कर लिया क्या यह विद्वानों को भी आश्चर्यकारी नहीं है ? उससे भी अधिक आश्चर्यकारी मोहको हटानेवाले आपसे रचे गये ग्रंथ समूह हैं उज्वल गुणोंसे युक्त ऐसे पवित्रात्मा श्री तिलोक-ऋषिजी महाराज अपने यश शरीर से सर्वोत्कृष्ट विराजित होवें ॥ २ ॥

यश पुञ्ज यस्य चरितसमरादित्यप्रभृतौ,
सुपद्यैर्विस्तीर्णैरयुतरससख्ये सुविमलम् ॥
जनान्मार्गभ्रष्टान्प्रतिदिशति नि श्रेयसपदम्,
गुणै शुभ्रैर्धन्यो जयतु स तिलोको मुनिवर ॥ ३ ॥

भावार्थ– साठ हजार गाथा सख्यासे रचे गये हुए समरादित्यकेवली चरित्रादिको में जिनका निर्मल यश पुञ्ज विस्तीर्णता को प्राप्त होकर मार्गसे बिछुडे हुए प्राणियोंको कल्याणमार्गका उपदेश कर रहा है उज्वल गुणों से युक्त प्रवित्रात्मा श्री तिलोक-ऋषिजी महाराज अपने यश शरीर से सर्वोत्कृष्ट विराजित होवें ॥ ३ ॥

बृहच्छास्त्र पुच्छीसुणमिह लिखित्वैकदलके,
परांकाष्टा नीतां विशदप्रसरां लेखनकलाम् ॥
विजेतु स्पर्द्धन्ती जगति रसते चित्रणकला,
गुणै शुभ्रैर्धन्यो जयतु स तिलोको मुनिवर ॥ ४ ॥

भावार्थ– एक पन्ने के उपर दशवैकालिक सूत्र सपूर्ण तथा पुच्छीसुण लिखकर अति निर्मल उच्चकोटी की जो लेखनकला प्राप्त किये उसको भी जीतने के लिये जिनकी चित्रकला स्पर्द्धा (इच्छा) कर रही है ऐसे उज्वल गुणों से युक्त पवित्रात्मा श्री तिलोक-ऋषिजी महाराज अपने यश,शरीर से सर्वोत्कृष्ट विराजित होवें ॥ ४ ॥

महाराष्ट्रे देशे यदपि बहुला जैनजनता,
न गम्यः किंत्वासीदतिगहनमार्गो हि मुनिना ॥
सहन्नानाकष्टं तदपि विधियोगादुपगतो,
गुणैः शुभ्रैर्धन्यो जयतु स तिलोको मुनिवरः ॥ ५ ॥

भावार्थ- यद्यपि दक्षिण देशमें जैन जन समूह अधिक है, तथापि अति कठिन मार्ग होनेसे मुनिराजों का संचार कम था. परन्च आप अनेक कष्टों को सहन करते हुए कर्तव्यवलेसे वहां आकर प्राप्त हो गये, ऐसे उज्वल गुणों से युक्त पवित्रात्मा **श्री तिलोक-ऋषिजी महाराज** अपने यशःशरीर से सर्वोत्कृष्ट विराजित होवे ॥ ५ ॥

प्रमुर्यैः श्रीरत्न प्रभृति निजशिष्यैः परिवृतः,
चतुर्थे विश्रामेऽहमदनगरे पूज्यचरणः ॥
गतः कायोत्सर्गं सुरपुरमगात्कीर्तिविशदो,
गुणैः शुभ्रैर्धन्यो जयतु स तिलोको मुनिवरः ॥ ६ ॥

भावार्थ- दक्षिण देशमें चौथे चातुर्मास के लिये महाराज **श्री रत्न ऋषिजी** वगैरह शिष्यों के साथ अहमदनगर में पधारे. वहां इस नश्वर शरीर को छोडकर विमल कीर्ति के साथ सुरपुर सिधारे, ऐसे उज्वल गुणों से युक्त पवित्रात्मा **श्री तिलोक ऋषिजी महाराज** अपने यशः शरीर से सर्वोत्कृष्ट विराजित होवे ॥

समुद्योगाद्यस्य धनदवसतिर्वै यमदिशा,
शरण्यं शान्ताढ्यं शरणमुपयाता जिनमतम् ॥
मुनीनां जैनानां निवसतिरियं सौख्यजननी,
गुणैः शुभ्रैर्धन्यो जयतु स तिलोको मुनिवरः ॥ ७ ॥

भावार्थ- [जिस महात्माके समुचित उद्योगसे यमदिशा= दक्षिणदिशा धनदवसतिः= कुबेर के नगर समान हो गई -] अर्थात् जिस दक्षिण देशमें मुनि लोग आने में संकोच रखते थे, उस देश को आपने मालवा मारवाड सदृश मुनिराजों का सुखकर निवासस्थान बना दिया-और शरणको चाहनेवाला जिनमत शांति स्थल पा गया. ऐसे उज्वल गुणों से युक्त पवित्रात्मा **श्री तिलोक ऋषिजी महाराज** अपने यशःशरीर से सर्वोत्कृष्ट विराजित होवें ॥ ७ ॥

प्रसादाद्यस्येमं हरितभरितं धर्मविटपं,
मुनीशः श्रीरत्नः प्रखरविदुपानन्दमुनिना ॥
सुशिष्येणोपेतो वचनपयसा सिञ्चतितराम् ,
गुणैः शुभ्रैर्धन्यो जयतु स तिलोको मुनिवरः ॥ ८ ॥

भावार्थ- जिस महात्मा के प्रसाद से यह जैन धर्मरूपी हरा भरा वृक्ष दिख रहा है, और उस वृक्ष को आपके पाटवी शिष्य **श्री रत्न ऋषिजी माहाराज** ने अपने सुशिष्य प्रखर विद्वान् **श्री आनन्द** ऋषिजी के साथ वचनरूपी जलसे सिञ्चन किया,

ऐसे उज्वल गुणो मे युक्त पवित्रात्मा श्री तिलोक ऋषिजी महाराज अपने यश शरीर से सर्वोत्कृष्ट विराजित होवे ॥ ८ ॥

शास्त्रविशारद पंडितवर्य श्री अमीऋषिजी महाराज प्रणीत

॥ श्री तिलोकाष्टक ॥

॥ १ ॥ सवैया ॥

उत्तम व्रत धारे, दूर पातिक हरनहारे,
विपति विदारे आप अमृतके क्यारे थे ।
ज्ञान सयम मतवारे, दान करुणा सनवारे,
चित उज्वल हितवारे, पक्ष दूषणते न्यारे थे ।
तत्त्व मारग उचारे, किए कुमतिसे किनारे,
होन शिवके दुलारे सुमतिके प्राण प्यारे थे ।
वचन अमृत उचारे अमर धामको पधारे,
वे तिलोकरिख स्वामी जगजीव रखवारे थे ॥

॥ २ ॥

मात नानूके नाने नहिं रहे जग छाने
विश्वमाहि प्रगटाने जास महिमा वखाने हैं ।
सुधा वचन सुन काने घने जीव हरखाने
दया भाव उर आने जैन तत्त्वको पिछाने हैं ।
क्रिया दान देत दाने मोक्ष मारग वताने
जिनराज गुण गाने नहिं नेक अरसाने हैं ।
आज अमृत गुण जाने वे तिलोकरिख दाने
हाय! छिनमें बिलाने मेघ इद्र ज्यों छिपाने हैं ॥

॥ ३ ॥

मनमें वैराग्य धार त्यागके ससार शिव–
मार्ग चित्त लाग सब पातकतें न्यारे थे ।
उदे बडभागे जैनागम अनुरागे सागे

आपके प्रताप आगे मिथ्यामति हारे थे ।
बडे बडे पंडितके खंडित किए हैं मान
अमृत वखाने धर्म–दीपक, उजारे थे ।
महा गुणवार ज्ञान क्रि-ा धनवारे
थे तिलोकरिख स्वामी जग जीव रखवारे थे ॥
॥ ४ ॥
सकल संसार सुख जानके अनित्यं चित्त
त्याग भाव धारी हितकारी शुभ संत है ।
आश्रव प्रमाद टार, रागद्वेषादि विदार
विषय, कषाय लाय, ठारि उवसंत है ।
धारे जिनवेन मोक्षपंथ सुख देन ऐन
देखत दीदार भव्य हिय हुलसंत हैं ।
अमीरिख कहे पाल संजम विशुध्द चित्त
स्वामीजी तिलोक सुरधाममें वसंत है ॥
॥ ५ ॥
व्हे गयो जगत जाल पातकतें दूर शूर,
धर्म दया मूल भेद रसनातें के गयो ।
के गयो अनेक मत आगमके भेद भार
अमृत जिनवेन चंद आननतें चे गयो ।
चे गयो अमर धाम आतम आराम काम
घने भव्य जीवनको ज्ञान दान दे गयो ।
दे गयो सुनत चित अमृत अखंड सो
तिलोकरिख स्वामी गुण नामी एक व्हे गयो ॥
॥ ६ ॥ गीता छंद ॥
कुमति तिमिर दल दलन स्वामी
धर्म दीपक सम हुए ।

शुद्ध जैन आगम भेद अमृत
सार रसनातें चये ।
भवि जीवको दरसाय शिवमग
जैन मत धारी किये ।
उपकारि धन्य तिलोकरिख गुरु
आप सुरवासी भये ॥

॥ ७ ॥

दयाके निधान भव्यजीवनके प्राण औ
सुजान ज्ञान ध्यानमें विमग्न गुणधामी थे ।
बालब्रह्मचारी महा दुक्कर आचारी सार–
काव्य कलाधारी हितकारी विसरामी थे ।
सुधा सम वाणी मृदु सबनके ज्ञाता दानी
देय उपदेश जीव तारवेके कामी थे ।
अमृत रटत नाम लेतही कटत पाप
ऐसेही प्रतापी श्री तिलोकरिख स्वामी थे ॥

॥ ८ ॥ सवैया २३ सा ॥

तिलोकके नाथकी आन गहे उर
संजम ले चित्त होय विशोक ।
विशोक हिये तप चारित पालत
टालत पाप अनरथ विलोक ।
विलोक लिये जिनवेण भलीविध
वदत भव्य सदा देइ धोक ।
धोक पियूप दिए तिहु काल कृपाल
कृपा कर स्वामि तिलोक ॥

॥ श्री सूर्यमुनि महाराजसे प्राप्त ॥

परिशिष्ट भाग.

पूज्य पाद महाराजश्री का शुभागमन दक्षिण देशमें हो जाने से जैन धर्म का कितना विकास हुआ यह तो वाचक वृन्द स्वयं अनुभव कर सकते हैं, परन्तु सारांश रूपमें यहभी प्रकाशित कर देना चाहता हूं कि महाराजश्री के सदुपदेशसे ४ वर्षके अन्दर दक्षिण देशमें कितने व्यक्ति त्यागी संयमी बने और पूज्यपादके यशःशरीर को पालन करते हुए किस तरह समाजको दिपा रहे हैं।

परिच्छेद चातुर्मास में हम लिख आये हैं कि घोडनदी के सुश्रावक **गम्भीरमलजी लोढा** के प्रार्थना से महाराजश्री का दक्षिण देशमें पधारना हुआ और प्रथम घोडनदी में पिता पुत्र महाराज **श्रीस्वरूप ऋषिजी** तथा महाराज **श्री रत्नऋषिजी** की दीक्षा हुई, एवं माता पुत्री सतीजी **श्री चम्पाजी** तथा **श्रीरामकुंअरजी महाराज** की दीक्षा हुई, तदनन्तर **महासती श्रीरंगूजी, लछमाजी, हरियाजी, अमृताजी, सोनाजी** वगैरह सती शिरोमणी आर्याजी **श्री हीराजी** के निश्रायमें बहुतसी शिष्यायें हुई। शिष्योंमें पाटवी शिष्य **श्री रत्न ऋषिजी महाराज** हुए, आपके दीक्षा काल से चौथे वर्षमें गुरु वियोग हुआ, उस समय आपकी बाल्यावस्था थी. शास्त्रकी शिक्षा गुरु मुखसे आपको विशेष न हो सकी, अतः आपने उसी अवस्थामें अनेक परीषहो को सहन करते हुए सतीजी **श्री हीराजी महाराज** की सहायतासे मालवा पधारे, वहां अच्छे मुनिराजों के द्वारा शास्त्रका परमोच्च ज्ञान सम्पादन कर मालवा मेवाड़ गुजरात वगैरह प्रदेशों में अपनी प्रखर वक्तृता के प्रभावसे स्वर्गस्थ पूज्यपाद महात्मा **श्री तिलोक ऋषिजी** के नाम को चिरस्थायी कर तेरह वर्ष के बाद महाराज **श्री अमोलक ऋषिजी** को साथ लेकर दक्षिणदेश में पधारे, मालवा में भी आपके प्रथम शिष्य **श्री वृद्धिऋषिजी** महाराज हुए, उनके शिष्य **श्री वेलजी ऋषिजी** महाराज हुए जो कि निरंतर चौदह वर्षतक एकधार गृहीत तक्र के आधार पर अपना निर्वाह किये थे. और दक्षिण देशमें आपके प्रथम शिष्य**श्री दगडू ऋषिजी** हुए दुसरे **श्री सुलतान ऋषिजी महाराज** हुए परन्तु अपनी स्वच्छंदतासे थोडेही समय में वे आपसे पृथक हो गये, बाद संवत १९७० मार्गशीर्ष शुक्ल ९ नवमी रविवार के दिन मिरी में **श्री आनंद ऋषिजी** की दीक्षा हुई, उस वख्त में आपकी उम्र तो सिर्फ १३ वर्ष की थी, परन्तु "**होन हार बिरवानके होत चीकने पात**" इस कहावतके अनुसार आपने शास्त्र मर्यादा के अनुकूल इतनी विनीतता के साथ अपनी शिष्यवृत्ति दर्शाई कि **श्री आनन्द ऋषिजी** से १ क्षणभर भी पृथक रहना वे असह्य समझते थे, अति कठिण परिश्रम द्वारा जैनागमका स्वयं अभ्यास कराकर तथा दूर २ से संस्कृतके विद्वानो को बुलाकर व्याकरण तर्क काव्य अलंकार चम्पू वगैरह ग्रंथोंका अध्ययन कराया और सं. १९७९ के ज्येष्ट शुक्ल २ रविवार को नांदुर में **श्री उत्तम ऋषिजी** को दिक्षित कर १ पूर्ण सहायक स्थापित कर गये. जिनको साथमें लेकर मुनि

श्री आनन्द ऋषिजी दक्षिण, खानदेश वरार, सी पी नागपूर वगैरह प्रांतोंमें विहार करके पुज्यश्री १००८ श्री कहानजी ऋषिजी महाराज के सम्प्रदाय के चन्द्र श्री तिलोक ऋषिजी महाराज तथा गुरुवर्य श्री रत्न ऋषिजी महाराज के यश दुदुभी का आवाज चौतर्फ जैन जैनेतर के श्रवण रंध्र में भर रहे हैं।

सती शिरोमणी श्री हीराजी महाराज के निश्राय में जितना शिष्यायें हुइ उनमें विदुषा सतीजी श्री रामकुअरजी महाराजने पुज्यपाद श्री तिलोक ऋषिजी महाराज तथा सतीजी से शास्त्र का उच्च ज्ञान प्राप्त कर लिये, और उस ज्ञानको वन्ही जाज्वल्यवत् कालांतर में उच्चतर कोटि में प्राप्त कर लिया, उनके पाण्डित्य मधुरवाग्मिता सौम्यमूर्ति का अद्वितीयताका अनुभव जिन व्यक्तियोंने उनके दर्शनका लाभ लिया है वेही कर सकते हैं इस महासतीजी के द्वारा दक्षिण देशमें बहुतहा जैनधर्म का प्रकाश हुआ, अनेकों दीक्षायें हुइ आपके शिष्याओं में अग्रशिष्या स्वर्गीया श्री सुन्दरजी महाराज थे उनको प्रधानजी तथा नानी महाराज के नाम से लोग आव्हान करते थे, उनके प्राभाविक मूर्ति तथा गुणों की प्रशसा आजतक जनता मुक्त कण्ठसे करता है, सम्प्रति महासतीजी का अग्र शिष्या विदुषा सतीजी श्री शांति कुंअरजी वगैरह ठाणा १२ से विराजमान है।

फैजपुरमें महासतीजी श्री भूराजी महाराज की दीक्षा हुई थी उनकी शिष्या सतीजी श्री प्रेम कुअरजी तथा विदुषी सतीजी श्री राज कुअरजी ठाणा ९ से सम्प्रति विराजमान है।

महासतीजी श्री नन्दूजी महाराज की दीक्षा सांडेखेडा में हुई थी, आपने सती शिरोमणी श्री हीराजी के साथ ८ वर्ष मालवा मे विचर कर शास्त्र ज्ञान सम्पादन कर दक्षिण में पधारे,आपके द्वारा पुज्यपाद के जीवन चरित्र के विषयमें बहुतसी बातों का पता चला है. आपकी अग्र शिष्या सतीजी श्री कुवरजी आदि ठाणा ६ विराजमान है

ॐ शुभ भूयात्








श्री सत्यबोध





॥ श्री महावीराय नमः ॥

कविकुलभूषण, शास्त्रविशारद, स्वामीजी श्री श्री १००८ श्री तिलोक ऋषिजी महाराज विरचित सत्य बोध प्रारम्यते.

छंद संग्रह.

॥ चोवीस जिनछंद ॥

॥ छंद त्रिभंगी ॥

श्री आदि जिनंदं, ससरस कंदं, अजित दिनंदं, भज प्राणी॥ संभव जगत्राता, शिवसगराता, द्यो सुखशाता, हित आणी ॥ अभिनंदन देवा, सुमति सुसेवा, करो नित मेवा, रिपुघाता ॥ चोविस जिनराया, मन वच काया, प्रणमुं पाया, द्यो साता ॥ १ ॥ टेक ॥ श्रीपद्म सुपासं, सांसगुणरासं, सुविधि सुवासं, हितकारी ॥ श्री शीतल स्वामी, अंतरजामी, शिवगत गामी, उपकारी ॥ श्रेयांस दयाला, परम कृपाला, भवजनवाला, जगदाता ॥ चो० ॥ २ ॥ वासुपूज्य सुकंतं, विमल अनंतं, धर्म श्रीसंतं, संतकारी ॥ कुंथु अरनाथं, तज जग साथं, मल्लि सुआथं, संग धारी ॥ मुनिसुव्रत सुनमि, आत्माने दमी, दुर्मतिने वमी, तपराता ॥ चो० ॥ ३ ॥ रिष्टनेमि बढाइ, नार न व्याही, तोरण जाइ छटकाई ॥ नाग नागण ताइ, दिया बचाइ, पारस साइ, सुखदाई ॥ जय जय वर्द्ध-मानं, गुणनिधि खानं, त्रिजग भानं, शुद्ध आता ॥ चो० ॥ ४ ॥ संसारका फंदा, दूर निकंदा, धर्मका छंदा, जिन लीना ॥ प्रभु केवल पाया, धर्म सुनाया, भव समजाया, मुनि कीना ॥ कहे रिख तिलोकं, सदा तस धोकं, द्यो सुख थोकं, चित चाता ॥ चो० ॥ ५ ॥ इति ॥

॥ श्री पंच परमेष्ठी छंद ॥

॥ नाराच छंद ॥

तिलोक संत श्रेष्ठिकं, नमामि पारमेष्ठिकं ॥ भजे भजे उंद गलं, भवामि सदा मंगलं ॥ १ ॥ सर्वांग अंग सुंदरं, मारंत मार

दुर्धर ॥ सहस्र अष्ट लछन, समस्त शुद्ध स्वच्छन ॥ २ ॥ तितिक्ष जे चतुष्टक, हणत कर्म दुष्टक ॥ तपश्चर्या सपुष्टक, धरत ध्यान सुष्टुक ॥ ३ ॥ सुज्ञान पूर्ण धारक, अज्ञान भर्म वारक ॥ सुअष्ट प्रातिहारक, सुभव्य जीव तारक ॥ ४ ॥ प्रमाद वाद खडित, अनत गुण मडित ॥ अशुभ योग दडित, नमामि परम पडित ॥५॥ सुभानु कोटि भास्कर, भवाब्धि तारक पर ॥ विकारदृष्टि मोचन, नमामि शातिलोचन ॥ ६ ॥ सर्वल पाप खडन, सुजैनधर्म मडन ॥ अनत सुखदायक, नमामि सघनायक ॥ ७ ॥ विशिष्ट गुण अष्टक, समस्त शत्रु नष्टक ॥ अरूप रूप रासक, सदैव स्थीर वासक ॥ ८ ॥ अनत सुख सुस्थित, रहत सद्म निर्मित ॥ सबोध सर्व वारक, नमामि निर्विकारक ॥ ९ ॥ छत्रीश गुण शोभित, कषाय चउ अक्षोभित ॥ सुसपदाष्ट भाचक, नमामि नित्य वाचक ॥ १० ॥ प्रमाण नय सश्रुत, पचीश गुण सयुत ॥ सुज्ञान अन्य दायण, नमामि उपाध्यायण ॥ ११ ॥ तजत जगत जालक, परप्राण रक्षपालक ॥ वर्जंत पापकारण, गर्जंत धर्मधारण ॥ १२ ॥ तर्जंत काम क्रोधक, लर्जंत सो विरोधक ॥ वितराग आण शोधक, नमामि सत जोधक ॥ ३ ॥ अज्ञानता प्रहारण, अखील सुख कारण ॥ हणत मोह फेणत, नमामि जिनवैणत ॥ १४ ॥ मिथ्याधकार भजन, ददाति ज्ञान अजन ॥ प्रमाद दुख चूरण, नमामि सत्य गुरुण ॥ १५ ॥ तिलोकरिख सस्तवे, शरणु सदा भवोभवे ॥ कृपार्णव मया करी, सदैव द्यो हिरी सिरि ॥ १६ ॥ कलश ॥ दोहा ॥ जय जय श्रीपरमेष्ठिने, जय जय श्री जिनवेण ॥ जय जय श्री गुरुकी रहो, दियो सुमारग जैन ॥ १ ॥ इति

॥ परमेष्ठी परमानंद छंद ॥

॥ दोहा ॥

ओं नमो अरिहंताणं, इम पांचु पद माय ॥
ओं ऱ्हाँ ऱ्हीं श्रीं ऱ्हौं स्वाहा, जपता ऱ्हीं श्रीं थाय ॥ १०८ ॥ १ ॥

अ० सि० आ० उ० सा० ।

॥ छंद त्रिभंगी ॥

प्रणमुं सरसती, होय वरसती, चित्त हुलसे अति, गुण थुणवा ॥ शुद्ध भावे ध्यावे, सो सुख पावे, एक चित्त चावे, यश सुणवा ॥ जय जय परमेष्ठी, जगमें श्रेष्ठी, दे पद ज्येष्ठी, जगधारं ॥ त्रिजगमझारं, नाम उदारं, जय सुखकारं, नवकारं ॥ १ ॥ टेक ॥ बारे गुणवंता, श्री अरिहंता, लोग महंता, गुण गहेरा ॥ घन घातिक कर्मं, मिथ्या भर्मं, त्याग अधर्मं, विष लहेरा ॥ शुक्ल मन ध्याया, केवल पाया, इंदर आया, तिणवारं ॥ त्रि० ॥ २ ॥ वर परिषद् बारे, हर्ष अपारे, सुणि अवधारे, जिनवाणी ॥ अमृतसुं प्यारी, जग हितकारी, सुर नरनारी, पहेचाणी ॥ केइ संजम धारे, केइ व्रत बारे, कर्म विदारे, शिव त्यारं ॥ त्रि० ॥ ३ ॥ द्वितीय पद ध्यावो, सिद्ध गुण गावो, फिर नहीं आवो, जिहां जाइ. ॥ जे अलख निरंजन, भविमन रंजन, कर्मके भंजन, शिव सांइ ॥ पुदगलदा फंदा, दूर निकंदा परमानंदा, अविकारं ॥ त्रि० ॥ ४ ॥ अठ गुणके धारे, जगत निहारे, काल न मारे, उन तांइ ॥ जिहां सुख अनंता, केवलवंता, गुण उच्चरंता, छे नाहीं ॥ निज वास वताइ, द्यो मुझ तांइ, तुमसा नाहीं दातारं ॥ त्रि० ॥ ५ ॥ गणिवर पद त्रीजे, नित्य नमीजे, सेवा कीजे, हर्ष धरी ॥ पंच महाव्रत पाले, दूषण टाले, गज जिम माले, शूर हरी ॥ पांचु वश करते, पंच उच्चरते, पांचुही हरते, दुःखकारं ॥ त्रि० ॥ ६ ॥ शीतल जिम चंदा, अचल गिरिंदा, गणपति इंदा, शिरदारं ॥ सागर जिम गहेरा, ज्ञान लहेरा, मिथ्या

अधेरा, परिहार ॥ सपद वग्र पावे, न्याय वढावे, पाले पलावे, आ चारं ॥ त्रि० ॥ ७ ॥ गुरु सवा साधी, विनय आराधी, चित्त समाधी, ज्ञान भणे ॥ वारे अग वाणी पेटीसमाणी, पूरव नाणी, सशे हणे ॥ निरवद्य सत्य भाखे शास्त्र साखे, गुण अभिलाखे, निज सार ॥ त्रि ॥ ८ ॥ उवज्झाया स्वामी, अतरजामी, शिवगति गामी, हितकारी ॥ शीखणने आवे, जाग शिखावे, न्याय वतावे, उपकारी ॥ दुर्गतिमा पडता, कादव गडतो, चित्त करे चडतो, तिण वार ॥ त्रि० ॥ ९ ॥ कचुक अहि त्यागे, दूरे भागे, तिम वैरागे, पाप हरे ॥ छूटा परछदा, मोहनो फदा, प्रभुका वदा, जोग धरे ॥ सव माल खजीना, त्यागन कीना, महाव्रत लीना, अणगार ॥ त्रि० ॥ १० ॥ पाले शुद्ध करणी, भवजल तरणी, आपद् हरणी, दृष्टि रखे ॥ बोले सत्य वाणी, गुप्ति ठाणी, जगका प्राणी, सम लखे ॥ शिव मारग ध्यावे, पाप हटावे, धर्म वढावे, सत्य सार ॥ त्रि० ॥ ११ ॥ ए प्रणमे भावे, विघ्न हटावे, अरि हारि जावे, दूर सही ॥ जे तप तेजारी, दुःख विमारी, सोग सवारी, आत नहीं ॥ ग्रह पीडा भागे, दृष्टि न लागे, शत्रु न जागे, लीगार ॥ त्रि० ॥ १२ ॥ ए मतर नीको, तारक जीको, त्रिजग टीको, सुखदाता ॥ ए मत्र करारी, महिमा भारी, लहे नर नारी, सुखसाता ॥ सरजीवन वेली, दे धन ठेली, भव भव केली, यह सार ॥ त्रि० ॥ १३ ॥ पद्मासन वाली, रग निहाली, आरत टाली, ध्यान धरे ॥ तिलोक पयपे, भावसु जपे, ऋद्ध सिद्ध सपे, जेह धरे ॥ एह छद त्रिभगी, गावे उमगी, भव भव सगी, जयकार ॥ त्रि० १४ ॥ इति ॥

॥ श्री महावीर जिनस्तवन छद ॥

॥ त्रिभगी छद ॥

जिन शासन स्वामी, अतर जामी, शिवगति गामी, सुखकारी ॥ जगमे जसरता, श्री भगवता, सुगुण अनता, उपकारी

सिध्दार्थकुल आया, जगत सुहाया, शुभ पल जाया, गुण धारी॥ धन त्रिसलानंदन, कुलध्वज स्यंदन, जिन चरणनकी, बलिहारी ॥ १ ॥ आसन कंपाया, सुरपति आया, शीस नवाया, शुभ भावे ॥ वैक्रियरुपा पासे, मेलि हुलासे, ले जिन तासे, गिरि आवे ॥ तीहां प्रभुजीनो, महोत्सव कीनो, फिर सुक दीनो, ज्यां महतारी ॥ धन० ॥ २ ॥ युग वंदना करके, निद्रा हरके, स्तवन उच्चरके, घर जावे ॥ भइ रवि उगाइ, सूधव ताइ, दासी बधाइ, दरसावे ॥ नृप महोत्सव कीयो, दान जु दीयो, हर्षित हीयो, निहारी ॥ धन० ॥ ३ ॥ यौवन वय माही, नारी व्याही, अवसर पाइ, जोग ग्रहे ॥ तपस्या तन तावे, शम दम भावे, ध्यान सुध्यावे, कष्ट सहे ॥ प्रभु क्षमा सागर, ज्ञान उजागर, गुण रत्नाकर, अघवारी ॥ धन० ॥ ४ ॥ शुध्द संयम पाले, दूषण टाले, शिवमग चाले, जगत्राता ॥ क्रोध मानने माया, लोभ हटाया, मोह भगाया, अरिघाता ॥ शूकल मन ध्याया, कर्म खपाया, केवल पाया, जिणवारी ॥ धन० ॥ ५ ॥ सुणि नाथ बडाई मन अकडाइ, आया चलाइ, प्रभु पासे ॥ विस्मय अति पाया, चित्त लजाया, गर्व गमाया, वीमासे ॥ प्रभु भर्म मिटाया, जिनमग आया, संजम ठाया, तिण सारी ॥ धन० ॥ ६ ॥ परथम इंद्रभूति, पूर्वधर श्रुति, त्रिपदी संयुति, फरमाया ॥ गणधरपद लीना, परम प्रवीना, शम दम भीना, तन ताया ॥ चुमालीसे लारा, गणधर ग्यारा, भए अनगारा, व्रत धारी ॥ धन० ॥ ७ ॥ चार तीरथ थाप्या, पाप उथाप्या, सुव्रत आप्या, नरनारी ॥ केइ स्वर्ग सिधाया, केइ शिव पाया, श्रीजिनराया हितकारी ॥ शैलेशी भावे, प्रभु शिव पावे जगमें नावे अविकारी ॥ धन० ॥ ८ ॥ प्रभु अलख निरंजन, भव-दुःख भंजन, भविजन रंजन, कृपाला ॥ जे शुद्ध मन ध्यावे, दुःख पलावे, सुख उपावे, प्रतिपाला ॥ कहे रीख तिलोकं, निरंतर धोकं,

दीजो शिव थोकै, भवपारी ॥ धन० ॥ ९ ॥ इति ॥

॥ श्री अरिहंत छंद ॥

॥ मोतीदाम छंद ॥

सदा जगनायक स्हायक हस, सुकायक वायक लायक वस ॥ सुश्रेष्ठ विशेष्ट सुज्येष्ठ कहत, अहो अरिहंत करो सुख सत ॥ १ ॥ सुतात सुमात सुभ्रात सुजात, सुगात सुवात सुपात सुआत ॥ सुलछन अष्ट सहस्त्र कहत ॥ अहो ॥ २ ॥ विशाल सुभाल सुवाल अवाल, दयाल मयाल अजाल कृपाल ॥ सुमाल सुलाल भवीक इच्छत ॥ अहो ॥ ३ ॥ अखड अडड अचड अतड, अगड अवड, असड सुसड ॥ अफडण छड भये गुणवत ॥ अहो ॥ ४ ॥ महा वीर गभीर ध्यान सुस्थीर अचीर विचीर अगीर सुगीर ॥ अपीर सुपीर सुबोध कहत ॥ अहो ॥ ५ ॥ अरीश निरीश शत्रुदल पीस, जगीश मगीश गुणीश वरीश ॥ अखेह अछेह अभेह रहत ॥ अहो ॥ ६ ॥ उत्थापक पाप तीर्थंकर आप, जपत जिनद वधत प्रताप ॥ अनत गुणातम श्रीभगवत ॥ अहो ॥ ७ ॥ अनेह विनेह अगेह सुगेह, अमेह विमेह अदेह विदेह ॥ अलेप सुलेप सदा दरसत ॥ अहो ॥ ८ ॥ न कर्म न भर्म न गर्म उछाह, अक्रोध अमान अमाय अदाह ॥ अरोग असोग अभोग तरत ॥ अहो ॥ ९ ॥ सुज्ञान अराध समाधि प्रणाम, विहार करत भवी हित काम ॥ भजत सुरासुर स्वामि महत ॥ अहो ॥ १० ॥ कहत सदा उपदेश रसाल हठत मिथ्यातम बधन जाल ॥ आराधक होय तिरत अनत ॥ अहो ॥ ११ ॥ रटत कटत दुरीत समस्त, लहत सुखामृत वाछित वस्त ॥ उद्धारक वृद्ध सहित हितवत ॥ अहो ॥ १२ ॥ त्रिजोग निवार वसे शिवलोक, चरणावुज धोक, ते रिख तिलोक ॥ विलोक सुदेव जपो जग कत ॥ अहो ॥ १३ ॥ इति ॥

॥ श्री सिद्धाष्टक छंद ॥

॥ नाराच छंद ॥

